सुविचार
जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहिए, वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi ● Thursday, 22 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 156 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com





रश्मिका मंदाना के मैनेजर ने की 80 लाख की ठगी 08


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 63,523.15 |
| निफ्टी | : | 18,856.85 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,605 |
| चांदी | : | 76.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

## पीएम व गृहमंत्री को जान से मारने की मिली धमकी

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जान से मारने की धमकी मिली है। बाहरी जिला पुलिस को किसी शख्स ने दो बार कॉल करके यह धमकी दी। कॉल मिलने के तुरंत बाद जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया। पुलिस कॉल हिस्ट्री के जरिए आरोपित की पहचान करने में जुट गई। आरोपित की पहचान कर ली गई है। उसका नाम संजय वर्मा है। परिवार वालों ने बताया कि संजय रात से ही शराब पी रहा था। पुलिस संजय की तलाश कर रही है। वह दिल्ली के मादीपुर इलाके का रहने वाला है। डीसीपी हरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को आज एक व्यक्ति की दो पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दी थी। दिल्ली पुलिस का कहना है कि कॉल करने वाले का पता लगाने के लिए एक टीम तैनात की गई और उसकी पहचान कर ली गई।

## हत्या की दोषी पत्नी को उम्रकैद की सजा

**RANCHI :** अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की अदालत ने पति की हत्या करने कई आरोपित पत्नी मरियम टोप्पो को दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा सुनायी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पति- पत्नी के बीच में अक्सर झगड़ा हुआ करता था। 14 मई, 2019 को भी शराब के नशे में पति का पत्नी के साथ झगड़ा हुआ था। इस बीच पत्नी ने हथौड़े से सिर पर वार कर पति मरियानुस टोप्पो की हत्या कर दी थी। मृतक के भाई की पत्नी सुषमा लकड़ा ने 15 मई, 2019 को रातू थाना में कांड संख्या 119/19 दर्ज कराया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से नौ गवाहों को प्रस्तुत किया गया।

## इंडिगो विमान की दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**NEW DELHI :** इंडिगो एयरलाइंस की दिल्ली-देहरादून फ्लाइट की इंजन में खराबी आने की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयरलाइन के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि दिल्ली से देहरादून के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो फ्लाइट का इंजन अचानक फेल हो गया। पायलट ने तत्काल विमान को वापस लिया और दिल्ली एयरपोर्ट पर इसकी इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। इस विमान के सभी यात्री सुरक्षित हैं। हालांकि, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अभी तक इस विमान के लौटने के कारणों की पुष्टि नहीं की है।

## कोविड सेंटर घोटाला : मुंबई समेत कई शहरों में ईडी की छापेमारी

**MUMBAI :** महाराष्ट्र में कोविड सेंटर फजीवाड़ा केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को मुंबई समेत कई शहरों में छापेमारी की है। यह छापेमारी सूरज चव्हाण और सुजीत पाटकर के यहां हुई है, लेकिन ईडी की ओर से अभी नामों की पुष्टि नहीं की गई है। कोरोना महामारी के दौरान लाइफलाइन कंपनी के घोटाले में ईडी ने मामला दर्ज किया था। राज्य के मुंबई, पुणे सहित कुछ शहरों में ईडी की रेड अभी भी जारी है।

# YOGA COPYRIGHT FREE : MODI

## यूएन मुख्यालय में पीएम ने किया योग, कहा- इसकी वजह से भारत के साथ आयी दुनिया

- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने की 2015 से हुई थी शुरूआत
- 21 जून 2015 को पहली बार पूरी दुनिया में मनाया गया था योग दिवस



9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य ● एजेंसी

**AGENCY NEW YORK :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार का 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग सत्र का नेतृत्व किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने भी योग किया। इससे पहले, उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उधर, प्रधानमंत्री कार्यालय ने पीएम मोदी के हवाले से ट्वीट किया, जिसमें लिखा गया, मुझे याद है, 9 साल पहले संयुक्त राष्ट्र में यहीं पर मुझे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव करने का सम्मान मिला।

### भारत से आया है योग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने वहां मौजूद सभी अतिथि और गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया और हिंदी में नमस्कार के साथ सबको ग्रीट किया। पीएम ने कहा कि योग हम सबको जोड़ता है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं आप सभी को देखकर प्रसन्न हूं और यहां आने के लिए आप सभी का धन्यवाद करता हूं। मुझे बताया गया है कि आज यहां लगभग हर राष्ट्रीयता का प्रतिनिधित्व है। योग का मतलब है जोड़ना, इसलिए योग के लिए आप साथ आ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, योग भारत से आया है और यह बहुत पुरानी परंपरा है। योग कॉपीराइट, पेटेंट और रॉयल्टी से फ्री है। योग आपकी आयु, लिंग और फिटनेस स्तर के अनुकूल है। योग पोर्टेबल है।

### जिंदगी जीने का तरीका है योग

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले साल पूरी दुनिया 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए एक साथ आई थी। एक बार फिर से पूरी दुनिया को योग के लिए एक साथ आते देखना अद्भुत है। पीएम मोदी ने योग की तारीफ करते हुए कहा कि योग जिंदगी जीने का एक तरीका है। यह कोई मैट पर करने वाली एक्सरसाइज है।

### वर्ष 2015 से हुई थी योग दिवस मनाने की शुरूआत

मालूम हो कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने की शुरूआत वर्ष 2015 से हुई थी। 21 जून 2015 को पहली बार पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया गया था। दुनिया भर में योग और ध्यान के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।


पेज 2, 3, 4, व 7 5 भी देखें


## रक्षा मंत्री ने नौसेनाध्यक्ष के साथ स्वदेशी युद्धपोत विक्रांत पर किया योग

**NEW YORK :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार सुबह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर नौसेनाध्यक्ष और नौसेना कर्मियों के साथ योग किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि योग का अर्थ सिर्फ कुछ आसनों से नहीं, बल्कि इससे कहीं अधिक व्यापक है। योग का संबंध कर्म, ज्ञान और भक्ति से भी है। रक्षा मंत्री के साथ योग कार्यक्रम में उनके साथ नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार, नेवल वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन की अध्यक्ष कला हरि कुमार, भारतीय नौसेना और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सशस्त्र बल के अग्निवीर भी योग सत्र में शामिल हुए। योग सत्र के बाद रक्षा मंत्री ने एक सभा को संबोधित करके योग प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इसी केरल की धरती से सातवीं शताब्दी में जगतगुरू आदि शंकराचार्य निकले, जिन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा पूरे भारत में योग-संस्कृति के विकास के लिए लगाया।

## सियाचिन की चोटियों पर हुआ 'अनुलोम-विलोम'

### सीमाओं पर सेना ने बनाई 'भारतमाला'



**AGENCY NEW DELHI :** भारतीय सेना और नौसेना ने बुधवार को नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया। सेना ने देश के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में योग सत्र आयोजित करके भारतमाला बनाई। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे दिल्ली कैंट के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में शामिल होकर योग को दैनिक आदत बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए सभी स्टेशनों, इकाइयों और जहाजों पर योग सत्रों का आयोजन किया। देश के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में योग का आयोजन करने के लिए बनाई गई भारतमाला का एक सिरा डोंग के पूर्वी छोर से शुरू हुआ, जहां सूर्य की पहली किरणें भारत में पड़ती हैं। भारतमाला का दूसरा सिरा पश्चिम क्षेत्र में राजस्थान के लोंगेवाला के रेत के टीलों तक गया, जहां 1971 का भीषण युद्ध हुआ था।

## विष्णु अग्रवाल से ईडी ने की नौ घंटे तक पूछताछ

### पूछताछ के दौरान स्वास्थ्य की भी कराई जांच

**CRIME REPORTER RANCHI :** जमीन घोटाले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने बुधवार को न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल से नौ घंटे पूछताछ की। विष्णु सुबह करीब 11 बजे ईडी ऑफिस पहुंचे थे। जिसके बाद ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान विष्णु अग्रवाल ने स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों का हवाला दिया, तो ईडी ने मेडिकल टीम बुला कर उनके स्वास्थ्य की जांच कराई। पूर्व में भी विष्णु अग्रवाल को आठ मई को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। वह कार्यालय गए थे और बीमारी की वजह से समय की मांग की थी।

### फजीवाड़ा करने में सहयोग करने वालों के बारे की पूछताछ

ईडी ने विष्णु अग्रवाल से रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन व प्रेम प्रकाश से रिश्ते, विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री मामले के अलावा फजीवाड़ा करने में सहयोग करने वालों के बारे में पूछताछ की, उनसे सेना के कब्जे वाली एक अन्य जमीन की भी जानकारी ली, जो रांची में सिरमटोली चौक के पास है।



ईडी ऑफिस से निकलते विष्णु अग्रवाल।

### छवि रंजन के मौखिक आदेश पर हो गया था म्यूटेशन

छवि रंजन के मौखिक आदेश पर ही चेशायर होम रोड की एक एक-ड़ विवादित जमीन का म्यूटेशन विष्णु अग्रवाल व उनकी पत्नी अनुश्री अग्रवाल के नाम पर बड़गाई के तत्कालीन अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने किया था। ईडी ने पिछले वर्ष विष्णु अग्रवाल के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान मोबाइल जब्त किया था। ईडी को छानबीन में यह भी पता चला कि विष्णु अग्रवाल व छवि रंजन के बीच गहरे संबंध थे। छवि रंजन ने विष्णु अग्रवाल को नामकुम मौजा के पुगडू में खरीद-बिक्री नहीं होने वाली जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा दिलाया था।

## 10 जुलाई को रांची कोर्ट में अमीषा पटेल को हाजिर होने का निर्देश

**RANCHI :** बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने बुधवार को रांची सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट का आवेदन दाखिल किया और सशरीर हाजिर होने में असमर्थता जाहिर की। उन्होंने याचिका में कहा है कि मोहाली में उनका एक बेहद जरूरी कार्यक्रम है, जिसके कारण वह सशरीर कोर्ट के समक्ष हाजिर नहीं हो सकती। अमीषा पटेल की इस याचिका का विरोध अजय सिंह के अधिवक्ता स्मिता पाठक ने किया। अमीषा के आवेदन पर सुनवाई के बाद अदालत ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली। कोर्ट ने उन्हें अगली सुनवाई के दौरान सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अमीषा को अंतिम मौका देते हुए अगली सुनवाई के दौरान हाजिर होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 10 जुलाई निर्धारित की है। यदि वे 10 जुलाई को हाजिर नहीं होती है तो उनका बेल रिजेक्ट कर दिया जाएगा। चेक बाउंस मामले में बुधवार को फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल को न्यायालय में हाजिर होना था लेकिन वह कोर्ट के समक्ष उपस्थित नहीं हुई।

## रांची हिंसा मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से तलब की स्टेटस REPORT

### हस्तक्षेपकर्ता ने कोर्ट से किया आग्रह, स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए जांच




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** रांची में 10 जून को हुई हिंसा मामले पर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में बुधवार को हस्तक्षेपकर्ता और प्रार्थी द्वारा उठाए गए सवालों पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। घटना में मृतक दो युवक के पिता की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल की गई है। उनकी ओर से अधिवक्ता मुख्तार खान ने कोर्ट से आग्रह किया कि मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए। क्योंकि इस मामले में पुलिस ने ही भीड़ पर गोली चलाई थी जिससे दो युवकों की मृत्यु हुई थी। इसलिए पुलिस की जांच निष्पक्ष नहीं हो सकती है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी। मामले की सुनवाई बुधवार को वर्चुअल मोड में हुई।

बता दें कि रांची हिंसा मामले में दायर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त , एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआईए, ईडी को प्रतिवादी बनाया है। अदालत से मामले की एनआईए जांच कराकर झारखंड संपत्ति विनाश और क्षति निवारण विधेयक 2016 के अनुसार आरोपियों के घर को तोड़ने का आदेश देने का आग्रह किया है। याचिका में रांची की घटना को प्रायोजित बताते हुए एनआईए से जांच करके यह पता लगाने का आग्रह किया है कि किस संगठन ने फंडिंग कर घटना को अंजाम दिया। नुपुर शर्मा के बयान पर जिस तरह से रांची पुलिस पर पत्थर बाजी हुई, प्रतिबंधित अस्त्र शस्त्र का प्रयोग हुए, धार्मिक स्थल पर पत्थरबाजी की गए यह प्रायोजित प्रतीत होता है।

## वीसी कोटे से नामांकन पर लगाई तत्काल प्रभाव से रोक

झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में चल रहे वाइस चांसलर कोटे से दो सीटों के नामांकन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। मोहम्मद अख्तर की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश आनंदा सेन ने पाया कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में इलिगल प्रैक्टिस चल रही है। सामान्य कोटे से दो सीटों को काटकर उसे वीसी कोटा का नाम देकर खरीद -फरोख्त का खेल चल रहा था। लगभग सभी विभागों में दो सीट वीसी कोटा के माध्यम से बिना किसी प्रक्रिया के नामांकन लिए जाते थे। ऐसे में जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने तत्काल प्रभाव से वीसी कोटे से नामांकन पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में वर्ष 2009 से लगातार सामान्य कोर्ट से सीटों की कटौती कर सीटों के खरीद- फरोख्त का खेल चल रहा था।

## देश को मिला समेकित सिम्युलेटर परिसर 'ध्रुव'

### कोच्चि में रक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन, भारतीय नौसेना कर्मियों को प्रशिक्षण में मिलेगी मदद

**AGENCY NEW DELHI :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के बाद कोच्चि के दक्षिणी नौसेना कमान में समेकित सिम्युलेटर परिसर (आईएससी) ध्रुव का उद्घाटन किया। इससे भारतीय नौसेना कार्मिकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही इन सिम्युलेटरों का उपयोग मित्र देशों के कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए भी किया जाएगा। आईएनएस विक्रांत के डेक पर सुंदर, नीले आकाश और शांत हवा की पृष्ठभूमि में प्राचीन भारतीय योग का उत्सव मनाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सुबह नौसेनाध्यक्ष और नौसेना कर्मियों के साथ योग किया। विशेष योग प्रशिक्षकों ने फिजिकल फिटनेस, मानसिक शांति तथा आध्यात्मिक आरोग्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न आसनों और श्वास अभ्यासों को करने में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। योगाभ्यास सत्रों के बाद रक्षा मंत्री ने योग प्रशिक्षकों को सम्मानित किया और प्रतिभागियों से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने दक्षिणी नौसेना कमान में समेकित सिम्युलेटर परिसर (आईएससी) ध्रुव का उद्घाटन किया। राजनाथ सिंह ने इन सिम्युलेटरों के विकास में शामिल कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ भी परस्पर बातचीत की। रक्षा मंत्री ने मल्टी स्टेशन हैंडलिंग सिम्युलेटर, एयर डायरेक्शन और हेलीकॉप्टर नियंत्रण सिम्युलेटर तथा एस्ट्रो नेविगेशन डोम का अवलोकन किया। नई दिल्ली स्थित एआरआई प्रा.लि. ने बनाकर शिप हैंडलिंग सिम्युलेटर का 18 देशों में निर्यात किया है। इंफोविजन टेक्नोलॉजीज प्रा.लि. में बनाया गया एस्ट्रो नेविगेशन डोम भारतीय नौसेना में अपनी तरह का पहला डोम है। डीआरडीओ प्रयोगशाला के इंस्टीच्यूट फॉर सिस्टम्स स्टडीज एंड एनालिसिस में विकसित एयर डायरेक्शन और हेलीकॉप्टर नियंत्रण सिम्युलेटर प्रशिक्षुओं को वास्तविक समय प्रचालनगत वातावरण परिदृश्य उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। प्रौद्योगिकी के मामले में उन्नत ये सिमुलेटर आत्मनिर्भर भारत' पहल का संकेत हैं, जिनसे राष्ट्र के लिए बड़ी निर्यात क्षमता की संभावना है। स्वदेशी तरीके से विकसित कुछ अन्य सिम्युलेटरों में कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम और मैरीटाइम डोमेन लैब शामिल हैं।




उद्घाटन समारोह में शामिल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व नौसेना के अधिकारी ● फोटोन न्यूज

## साहिबगंज में छह तांत्रिकों को रातभर बंधक बना पीटा

### जिले की बोरियो थाना क्षेत्र की घटना

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ :** जिले के बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत मंजवय गांव के सोगले टोला में मंगलवार देर रात जादू-टोना करने के आरोप में छह तांत्रिकों को ग्रामीणों ने रातभर बंधक बनाकर जमकर मारा-पीटा। बताया जाता है कि सोगले गांव निवासी मोहन मुर्मू मंगलवार देर रात खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रहा था। इस बीच गांव की बड़की मुर्मू ने मोहन उर्फ तलु मुर्मू को बुलाकर घर के पीछे बाड़ी में ले गयी, जहां पूर्व से ताला कुड़ी मुर्मू, मरंगमय मुर्मू, तलु टुडू, मरांगकुड़ी हांसदा, रगत बास्की जादू-टोना कर रहे थे। मोहन उर्फ तलु मुर्मू के पहुंचते ही उन लोगों ने मोहन उर्फ तलु को वश में करने के लिए तंत्र-मंत्र करने लगे, जिसके बाद तलु मुर्मू बेहोश हो गया। तलु मुर्मू को बेहोश कर के उसके सिर के बाल काट कर जलाने लगे और एक अंगूठी पहनाया। तलु मुर्मू किसी तरह से उन लोगों से बचकर गांव में ग्रामीणों को जानकारी दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने सभी को बंधक बना लिया। आरोपित मोहन उर्फ तलु मुर्मू को डायन बिसाही होने के शक पर काला जादू कर उसे मारने की प्रयास कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरंजन कच्छप दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराया और बोरियो सीएचसी में भर्ती कराया।

# YOGA शरीर और मन दोनों को स्वस्थ बनाता है : राज्यपाल



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते लोग व बच्चे से हाथ मिलाते राज्यपाल। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि योग भारत का दुनिया को एक अमूल्य उपहार है। योग एक ऐसा साधना है जो शरीर को ही नहीं, मन को भी स्वस्थ बनाता है। योग के माध्यम से व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास होता है। राज्यपाल बुधवार को राज भवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि कल की ही बात है पश्चिम बंगाल के स्थापना दिवस के अवसर पर मैंने देखा कि एक वृद्ध महिला को चलने में कठिनाई हो रही है, मैंने उनसे पूछा कि क्या आपको दर्द हो रहा है, वह बोली मुझे कोई दर्द नहीं है और मैं मानसिक बल के कारण इस समारोह में आई हूं।

राज्यपाल ने कहा कि योग से हम स्वतः स्फूर्त होकर बिना व्यवधान के लगातार कार्य करने में सक्षम होते हैं। योग से शरीर के जोड़ की शिथिलता समाप्त होती है, उनमें रक्त संचार बढ़ता है और वे ज्यादा सक्रिय होकर कार्य करती है। योग को बढ़ावा देने और वैश्विक मंच पर इसके कद को ऊंचा करने में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उल्लेखनीय और सराहनीय योगदान है। उनके प्रयास से आज पूरा विश्व पूरे उत्साह के साथ ह्यअंतर्राष्ट्रीय योग दिवसह्ल मना रहा है।

कोविड-19 महामारी के दौरान, पूरी दुनिया ने हमारे योग अभ्यासों को अपनाया और यह संक्रमित व्यक्तियों के उपचार में कारगर साबित हुआ। उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अन्य को भी प्रेरित करने के लिए कहा। योगाभ्यास करने वाले शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। जो करें योग, वह रहें निरोग।

## मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की दी शुभकामनाएं

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को ट्वीट किया- समस्त राज्यवासियों को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज, समृद्ध राज्य और देश का द्योतक है। आप सभी स्वस्थ रहें, निरोग रहें, यही कामना करता हूं।

# योग से विश्व बंधुत्व को मिला बल : दीपक प्रकाश



योगाभ्यास करते दीपक प्रकाश व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को कहा कि आज पूरी दुनिया में 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से प्रारंभ हुआ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज केवल दुनिया को आरोग्यता ही नहीं प्रदान कर रहा, बल्कि विश्व बंधुत्व को भी बढ़ावा दे रहा।

### दुनिया ने देखी कोरोना काल में योग की ताकत : बाबूलाल

भाजपा नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोरोना जैसी विश्वव्यापी महामारी में भारत की प्राचीन जीवन पद्धति योग ने टीकाकरण से पहले करोड़ों लोगों को महामारी से लड़ने की ताकत दी। आज दुनिया भारत की योग परंपरा को तेजी से आत्मसात कर रही है।

प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि योग मानव को समस्त प्राणी जगत से जोड़ता है। प्रकृति पर्यावरण से संतुलन बनाना सिखाता है। योग मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भारत विश्व कल्याण की सोच रखने के कारण ही विश्व गुरु कहलाया। यह संस्कार आज भी भारत के कण कण में व्याप्त है। संकट के काल में भारत अपने पराए प्रिय अप्रिय का भेदभाव नहीं करता। योग शरीर, मन और आत्मा के संतुलन से व्यक्ति को सद्गुणों से भरता है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि योग एक विज्ञान है, सम्पूर्ण जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि धर्म संप्रदाय में विभेद नहीं करता, बल्कि दुनिया को अपना कुटुंब मानता है। आज पूरे प्रदेश में भाजपा की ओर से सभी 513 मंडलों में योग के कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें हजारों को संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया रामगढ़ जिले का दौरा




कार्यक्रम में बोलते मंत्री सत्यानंद भोक्ता। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता ने रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल रामगढ़ में कौशल मेला सह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम माननीय मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, माननीय विधायक रामगढ़ श्रीमती सुनीता चौधरी, माननीय विधायक बड़कागांव सुश्री अंबा प्रसाद, उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी, सांसद प्रतिनिधि श्री प्रकाश मिश्रा सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में माननीय मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता ने सर्वप्रथम कौशल विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर देश के विभिन्न राज्यों में रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं की सराहना करते हुए अन्य को उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। माननीय मंत्री द्वारा कौशल विकास की दिशा में झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सारथी योजना के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी गई उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रत्येक युवा को रोजगार उपलब्ध कराया जाए इसके लिए विशेष योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। सभी जिलों में एक समिति बनाई गई है जिसके अध्यक्ष उपायुक्त होते हैं। समिति के द्वारा जिले में कौशल विकास की दिशा में हो रहे कार्यों व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न दिशा निर्देशों यथा निजी क्षेत्रों में 75 फीसदी स्थानीय युवाओं को रोजगार सहित अन्य का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। माननीय मंत्री ने कहा कि कोरोना काल मे जिस प्रकार से राज्य सरकार ने कार्य किया वह यह बताता है कि हम हमारे राज्य के मजदूरों व युवाओं के प्रति सरकार कितना प्रतिबद्ध है वैसे समय जब आवागमन पूरी तरह से बाधित था वैसी परिस्थिति में राज्य सरकार द्वारा अन्य राज्यों के साथ संपर्क कर झारखंड राज्य के मजदूरों को वापस लाने का कार्य किया गया। खास बात यह थी कि चाहे वह हवाई जहाज हो या कोई अन्य माध्यम हर साधन का उपयोग कर राज्य सरकार ने सकुशल मजदूरों को उनके निवास स्थान तक पहुंचाने का कार्य किया। मौके पर माननीय मंत्री ने श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु/ दुर्घटना सहायता योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, मेधावी पुत्र पुत्री छात्रवृत्ति योजना, चिकित्सा सहायता योजना, विवाह सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

# पांच विभागों के युवाओं को आज मिलेगा नियुक्ति पत्र

## मोरहाबादी मैदान में सीएम सौपेंगे पत्र

**PHOTON NEWS RANCHI :** सीएम हेमंत सोरेन गुरुवार को युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। वे मोरहाबादी मैदान में राज्य के पांच प्रमुख विभागों पंचायती राज, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग व वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग में युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। पंचायती राज विभाग और जिला प्रशासन समारोह की तैयारी कर रहा है। पंचायती राज विभाग में जिला स्तरीय नियुक्ति होनी है जबकि अन्य विभागों में राज्य स्तरीय नियुक्तियां की जाएंगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से अनुशंसित नवनियुक्त 1633 पंचायत सचिवों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। रैंकिंग के अनुसार नियुक्ति पत्र वितरित किया जायेगा। इसके अलावा वित्त विभाग में कोषागार पदाधिकारी और निम्नवर्गीय लिपिक की नियुक्ति होगी। अन्य विभागों में भी नौकरी दी जायेगी।

**इन जिलों में को मिलेगा योगदान पत्र**

गढ़वा-74, पलामू-74, लातेहार-29, चतरा- 62, हजारीबाग- 117, कोडरमा- 53, गिरिडीह- 121, देवघर- 52, गोड्डा- 80, साहेबगंज-58, पाकुड़- 34, दुमका- 72, जामताड़ा- 39, धनबाद- 89, बोकारो-152, रामगढ़- 94, लोहरदगा- 25, गुमला- 34, रांची- 81, सिमडेगा- 22, प.सिंहभूम- 82, सरायकेला-खरसावां- 47, पूर्वी सिंहभूम- 109।

# केंद्र की योजनाओं को लागू करने में अड़चन डाल रही है हेमंत सरकार : नीलकंठ सिंह मुंडा

**PHOTON NEWS KHUNTI :** राज्य की हेमंत सरकार न सिर्फ केंद्र की योजनाओं को धरात पर लाने में अड़चन डाल रही है, बल्कि रघुवर दास सरकार ने जिन योजनाओं को किसानों और महिलाओं के लिए लागू किया था, उन योजनाओं को भी सरकार ने बद कर दिया है। ये बातें भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कही।

विधायक बुधवार को तोरपा प्रखंड के कोरकोटोली में आयोजित भाजपा के विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई ऐसा गांव नहीं है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार विकास योजनाओं को नहीं पहुंचा। विधायक ने कहा कि आज पूरे झारखंड में सबसे अधिक आवश्यता है तो वह है पानी की। राज्य सरकार ने अब तक पानी की व्यवस्था का अधिकार मुखिया को नहीं दिया है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार आदिवासी विरोधी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने को आदिवासी कहते हैं लेकिन उनके सलाहकारों को देखें, तो वहां एक भी आदिवासी नहीं है। विधायक ने कहा कि मात्र नौ साल के कार्यकाल में ही प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश ने काफी प्रगति की है। किसानों और महिलाओं के लिए भी कई योजनाएं मोदी सरकार चला रही है लेकिन भ्रष्टाचार में डूबी राज्य सरकार इन योजनाओं को लागू करने में बाधा उत्पन्न कर रही है।

इसके पूर्व कार्यक्रम के प्रभारी संतोष जायसवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमा उद्देश्य आम लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देना और उनकी समस्याओं को जानना है।

# भाजपा ने आयोजित किया व्यवसाई सम्मेलन सांसद जयंत सिन्हा एवं महेश पोद्दार हुए उपस्थित

**PHOTON NEWS RAMGARH :** भारतीय जनता पार्टी के महा ननसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार को रामगढ़ स्थित होटल शिवम इन के सभागार में भाजपा ने व्यवसाई सम्मेलन का आयोजन किया जिसमे मुख्य अतिथि माननीय सांसद हजारीबाग लोकसभा जयंत सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद माननीय महेश पोद्दार उपस्थित हुए।

जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री छोटन सिंह ने किया एवं विषय प्रवेश कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा रामगढ़ के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने करवाया साथ में कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह भाजपा के रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू रहें।

सर्वप्रथम मनचस्थ वरिष्ट नेताओं ने महापुरुषों की तश्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया तत्पश्चात सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित व्यवसाइयों का अंगवस्त्र एवं फूल मालाओं से स्वागत के उपरांत कहा की आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के

किए गए कामों के बारे में विपक्षी भी चर्चा करने को मजबूर है,खासकर के व्यापारी वर्ग के लिए केंद्र सरकार क्या योजना चला रही है ? कैसे मदद पहुंचाया गया ? इस विषय पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि व्यापार में आज भारत पूरे विश्व भर में अपनी पहचान बनाई है। एक्सपोर्ट इंपोर्ट बढ़ा है, व्यापारियों को केंद्र सरकार ने काफी सुविधाऐं भी दी है।भारत पूरे विश्व का सबसे बड़ा मार्केट बनकर उभर रहा है।

मेक इन इंडिया के जरिए देश को मजबूती प्रदान की जा रही है। व्यापारी वर्ग के लोगों का देश की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान है इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

## पीएम ने गोवा में आयोजित जी-20 पर्यटन मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से किया संबोधित

# भारत का दौरा सिर्फ दर्शनीय स्थलों की यात्रा नहीं बल्कि एक व्यापक अनुभव : PM NARENDRA MODI



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फाईल फोटो।

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यटन के लिए भारत के 'अतिथि देवो भवः दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले नौ वर्षों में देश में पर्यटन के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का दौरा केवल दर्शनीय स्थलों के बारे में नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक अनुभव है।

प्रधानमंत्री बुधवार को गोवा में आयोजित जी-20 पर्यटन मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए अपनी बात रख रहे थे। मोदी ने कहा, ह्लपरिवहन बुनियादी ढांचे से लेकर आतिथ्य क्षेत्र से लेकर कौशल विकास तक, और यहां तक कि हमारे वीजा सिस्टम में भी, हमने पर्यटन क्षेत्र को अपने सुधारों के केंद्र बिंदु के रूप में रखा है।ह्व उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक महिलाओं और युवाओं को रोजगार देते हुए आतिथ्य क्षेत्र में रोजगार सृजन, सामाजिक समावेश और आर्थिक प्रगति की काफी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि भारत सतत विकास लक्ष्यों की त्वरित उपलब्धि के लिए पर्यटन क्षेत्र की प्रासंगिकता को भी पहचान रहा है।

प्रधानमंत्री ने गोवा में आगामी साओ जोआओ महोत्सव पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत त्योहारों की भूमि है। अगले साल होने वाले आम चुनावों का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने पर्यटन मंत्रियों से लोकतंत्र की जननी (भारत) में लोकतंत्र के त्योहार का गवाह बनने का आग्रह किया, जहां लगभग एक अरब मतदाता एक महीने से अधिक समय तक भाग लेंगे और लोकतांत्रिक मूल्यों में अपने विश्वास की पुष्टि करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, दस लाख से अधिक मतदान केंद्रों के साथ, इस उत्सव को इसकी विविधता में देखने के लिए आपके लिए स्थानों की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने लोकतंत्र के पर्व के दौरान भारत आने का निमंत्रण दिया।

प्रधानमंत्री ने अतुल्य भारत की भावना का आह्वान किया और पर्यटन मंत्रियों से अपनी गंभीर चचाओं से कुछ समय निकालने और प्राकृतिक सुंदरता और गोवा के आध्यात्मिक पक्ष का पता लगाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत अपनी जी-20 अध्यक्षता के दौरान पूरे देश में 100 विभिन्न स्थानों में लगभग 200 बैठकें आयोजित कर रहा है, जो हर अनुभव को दूसरे से अलग बनाता है।

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि पर्यटन क्षेत्र में भारत के प्रयास पर्यटन के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करते हुए अपनी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने पर केंद्रित हैं। यह देखते हुए कि भारत दुनिया के हर प्रमुख धर्म के तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है, प्रधानमंत्री ने फोकस क्षेत्रों में से एक के रूप में आध्यात्मिक पर्यटन के विकास पर जोर दिया।

## BRIEF NEWS

### एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार ने दी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई

**RAMGARH :** एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड रमेन्द्र कुमार एवं कोल फेडरेशन के केन्द्रीय सचिव सह झारखंड राज्य प्रदेश सचिव नरेश मंडल ने बुध्वार को देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। साथ ही योगाभ्यास कर इसे जीवन में नियमित रूप से अपनाने की अपील की। मौके पर रमेंद्र कुमार ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर के लिए नितदिन योग करें और अपने जीवनशैली में सुधार लाकर निरोग रहें। उन्होंने कहा कि योग के जरिए कई रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री को पीपुल्स प्लानिंग पुस्तक भेंट की



मुख्यमंत्री को पीपुल्स प्लानिंग पुस्तक भेंट करते। ● द फोटोन न्यूज

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केरल के पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इस्साक एवं पूर्व मुख्य सचिव केरल एसएम बिजयानंद ने मुलाकात की। संयुक्त रूप से उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वे झारखंड भ्रमण पर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ राज्य में विकास की संभावनाओं को लेकर कुछ अहम सुझाव साझा किए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को पीपुल्स प्लानिंग पुस्तक भेंट की। इस मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल भी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों की बुलाई बैठक



विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते उपायुक्त। ● द फोटोन न्यूज

**RAMGARH :** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार रांची जिला उपायुक्त राहुल सिन्हा ने विभिन्न राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई। बैठक में नेशनल पीपुल्स पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद, भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम सहित एसडीओ, एलआरडीसी, अपर समाहर्ता, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उपायुक्त राहुल सिन्हा ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण का कार्यक्रम चल रहा है। अधिक से अधिक मतदान कराना एवं नए युवाओं को जोड़ना उद्देश्य है। बैठक में बीएलओ एवं बीएलए को मजबूत करने की पहल पर जोर दिया गया। दूरगामी वोटिंग स्थल एवं मरम्मत के कगार पर वोटिंग स्थानों का चयन जल्द किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों से मतदाताओं को अधिक से अधिक जोड़ने की बातें कहीं। रांची जिले में 19 प्रखंड एवं शहरी क्षेत्र में नए युवाओं को जोड़ने के लिए प्रेरित किया है। मौके पर नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश महासचिव अमर महतो, प्रदेश सचिव जोसेप लकड़ा, प्रदेश प्रवक्ता सुमन बाड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष मानिक चंद्र महतो, प्रदेश सदस्य प्रवेश गोप मौजूद रहे।

### झारखंड ने केंद्र सरकार से सुखाड़ की क्षतिपूर्ति के लिए मांगे 9600 करोड़

**RANCHI :** हीट वेब को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया के साथ बुधवार को हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने केंद्र सरकार से पूर्व घोषित सुखाड़ की क्षतिपूर्ति राशि मांगी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सुखाड़ के एवज में केंद्र से क्षतिपूर्ति राशि के तौर पर 9600 करोड़ झारखंड को मिलने थे। यह राशि अब तक विमुक्त नहीं की गयी है। इसके लिए सहयोग मिले। बैठक में बन्ना गुप्ता ने कई प्रमुख मांगों को रखा। उन्होंने कहा कि लू और वज्रपात को राष्ट्रीय आपदा में शामिल किया जाना चाहिये। लू या शीतलहर के कारण हुई मृत्यु के दौरान मृत्यु का कारण को स्पष्ट करना आवश्यक है। केंद्र को इसके लिए स्पष्ट दिशा निर्देश उपलब्ध कराना चाहिये। आगजनी के प्रकार को परिभाषित किया जाए कि वह प्राकृतिक आग है या मानव जनित। सभी जिलों में आपदा मित्र की स्वीकृति दी जानी चाहिये। आपदा प्रबंधन द्वारा राज्यांश निर्गत करने की अवधि की अधिसीमा को बढ़ाकर 15 दिनों की बजाए 60 दिनों का कर दिया जाए। इस मौके पर आपदा प्रबंधन सचिव अमिताभ कौशल, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, एनएचएच निदेशक भुवनेश प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

### आजसू पार्टी का संकल्प दिवस 22 को, सभी विधानसभा क्षेत्र में होगा आयोजन

**RANCHI :** आजसू पार्टी 22 जून को पूरे राज्य में संकल्प दिवस मनाएगी। संकल्प दिवस को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। गुरुवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने बुधवार को कहा कि संकल्प दिवस के अवसर पर सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही गुरुवार को हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में मिलन समारोह का भी आयोजन किया जायेगा, जिसमें आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगे। डॉ. भगत ने कहा कि झारखंड एवं झारखंडियों का परिचय स्थापित रहे-अमिट रहे, इसे लेकर आजसू पार्टी कृतसंकल्पित है। संकल्प दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी और पार्टी की अनुषंगी इकाई के सभी नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक राज्य की मयार्दा तथा जनमन की सुरक्षा के संकल्प के साथ-साथ वैचारिक मूल्यों को बचाने का संकल्प लेंगे। कार्यक्रम को लेकर डॉ. भगत ने कहा कि संकल्प दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी विधानसभा में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

### कर्नाटक की अन्न भाग्य योजना को विफल करने में जुटी है मोदी सरकार : कांग्रेस

**NEW DELHI :** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार कर्नाटक को चावल उपलब्ध नहीं करवा रही है क्योंकि मोदी सरकार राज्य की अन्न भाग्य योजना को विफल करना चाहती है। केन्द्र सरकार की भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने राज्य सरकार को चावल देने से मना कर दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि मोदी सरकार गरीब-विरोधी है और प्रतिशोध की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक की जनता से वादा किया था कि उनकी सरकार 01 जुलाई से अन्न भाग्य गारंटी के तहत राज्य के गरीब परिवारों को 10 किलो मुफ्त चावल देगी, लेकिन केन्द्र सरकार इस योजना को सफल नहीं होने दे रही है। रमेश ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार ने 13 जून से खुला बाजार बिक्री योजना के तहत एफसीआई से राज्य को चावल की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का परिपत्र जारी किया है। यह अन्न भाग्य योजना को विफल करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक एफसीआई को 3400 रुपये प्रति क्विंटल देने को तैयार था, लेकिन एफसीआई इथेनॉल उत्पादन और पेट्रोल के सम्मिश्रण के लिए 2000 रुपये प्रति क्विंटल पर चावल बेंच रही है जबकि राज्य सरकार को चावल नहीं दे रही है। उल्लेखनीय है कि एफसीआई की ओर से राज्य सरकार को चावल न देने को लेकर कर्नाटक कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदर्शन किया था।

# 8वीं पास ट्रक का खलासी बना CYBER CRIMINAL, ठगे दो लाख

## रिटायर्ड जीएम को बनाया निशाना, सीआईडी ने देवघर से दो को दबोचा

- पीड़ित से आरोपियों ने मोबाइल पर पहले रस्टडेस्क एप डाउनलोड कराया उसके बाद विभिन्न खातों से पैसे गायब कर दिए


सीआईडी की गिरफ्त में ठगी करने वाले साईबर अपराधी ● फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER RANCHI :** जामताड़ा के बाद अब देवघर साइबर क्रिमिनल्स का सेफ जोन बनता जा रहा है। हर दिन यहां से साइबर क्राइम से जुड़ी खबरें आ रही है। इसी कड़ी में सीआईडी और देवघर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए देवघर से दो साइबर क्रिमिनल्स की गिरफ्तारी हुई है। आठवीं पास एक ट्रक का खलासी साइबर क्रिमिनल बना और रिटायर्ड जीएम को निशाना बनाते हुए उनके बैंक अकाउंट से दो लाख रुपये की ठगी कर ली। झारखंड में एयर एशिया का कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर साइबर अपराधियों ने ग्राहक के मोबाइल पर पहले रस्टडेस्क एप डाउनलोड कराया और उसके बाद उनके विभिन्न खातों से दो लाख 49 हजार 898 हस्तांतरित कर लिये। इस मामले में अनुसंधान के बाद सीआईडी के अधीन संचालित साइबर अपराध थाने की पुलिस ने देवघर से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में देवघर के पालोजोरी थाना क्षेत्र का मोहम्मद मुजफ्फर अंसारी व इसी थाना क्षेत्र के मकरकेंदा गांव निवासी मोहम्मद आरिफ रज्जा शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने कांड में शामिल छह मोबाइल व छह सिमकार्ड बरामद किये हैं। पकड़े गए आरोपियों के मोबाइल से बेस डॉट एपीके कस्टमर सपोर्ट बेस डॉट एपीके नामक मेलिसियस एंड्रॉयड पैकेज फाइल बरामद की गयी है। इसका इस्तेमाल ये लोग फोन में आने वाले एसएमएस को अपने फोन में फारवर्ड कराने के लिए करते थे।

दरअसल, रांची के सेल सिटी निवासी रिटायर्ड जीएम प्रभास कुमार को अपनी बेटी के पास दिल्ली जाना था। उन्होंने एयर एशिया का टिकट लिया था। उन्हें घी लेकर जाना था तो उन्होंने गूगल से एयर एशिया के कस्टमर केयर प्रतिनिधि का नंबर खोजा और उसपर कॉल कर फ्लाइट में घी ले जाने संबंधित प्रक्रिया जाननी चाही, जिस नंबर पर उन्होंने कॉल लगाया वह नंबर साइबर अपराधियों का निकला। इसकी जानकारी तब हुई, जब उनके विभिन्न खातों से 2.49 करोड़ का हस्तांतरण हो गया। खाते से निकासी का मैसेज मिलते ही उन्होंने बैंक से संपर्क साधा और खाते से और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन न हो इसके लिए तुरंत खाते को ब्लॉक करवाया। उन्होंने सीआइडी के अधीन संचालित साइबर अपराध थाने में इससे संबंधित प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस व तकनीकी अनुसंधान के आधार पर देवघर से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

**साइबर अपराधियों की अपराध शैली :** ऐसे अपराध करने के लिए साइबर अपराधी विभिन्न बैंक, ई-कामर्स, फ्लाइट सर्विसेज के कस्टमर केयर नंबर के रूप में गूगल सर्च इंजन कस्टोमाइजेशन के माध्यम से गूगल पर अपना फर्जी नंबर डाल देते हैं। जब लोग आम सहायता के लिए गूगल पर उक्त नंबर को सर्च करते हैं तो इनके माध्यम से लोगों से रस्ट, एनी डेस्क, एलपेमिक्स स्क्रीन शेयरिंग एप डाउनलोड करवाकर ट्रांजेक्शन करवाते हैं। इसके बाद इंटरनेट बैंकिंग तथा यूपीआइ डिटेल्स लेकर पैसों का अवैध रूप से निकासी करते हैं। किसी अज्ञात नंबर से काल आने पर अपनी कोई निजी जानकारी साझा न करें। इंटरनेट सर्च इंजन गूगल एड्स एवं अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर दिए गए कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर पर भरोसा न करें।

### 2 मई को दर्ज हुआ था केस

सीआईडी में डीजी अनुराग गुप्ता व डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि रांची के सेल सिटी निवासी प्रभास कुमार ने दो मई 2023 को इससे संबंधित एक प्राथमिकी साइबर अपराध थाने में दर्ज कराई थी। उनके खाते से साइबर अपराधियों ने दो लाख 49 हजार 898 रुपये निकाल लिए थे। छानबीन में पुलिस को पता चला कि साइबर अपराधियों ने गूगल सर्च इंजन को कस्टमाइज कर एयर एशिया कस्टमर केयर नंबर में अपना फर्जी नंबर डालकर कस्टमर केयर का प्रतिनिधि बनकर ग्राहकों को चूना लगा रहे हैं। इसी तरीके से फजीर्वाड़े का शिकार प्रभास कुमार भी हुए थे। अनुसंधान के दौरान मोबाइल सर्विलांस व खाते के ब्यौरे के आधार पर दोनों आरोपी पकड़े गए हैं। दोनों ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल लिया है। पूछताछ के बाद दोनो अपराधियों को जेल भेज दिया गया है।

## BRIEF NEWS

### दहेज प्रताड़ना के आरोपी को कोर्ट ने भेजा जेल

**RANCHI :** न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की अदालत में बुधवार को दहेज प्रताड़ना के मामले में महाराष्ट्र के भुसावल निवासी चिकित्सक डॉ पवन बजाज को पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया गया। पवन बजाज को महाराष्ट्र के भुसावल से ट्रांजिट रिमांड पर लालपुर पुलिस रांची लाई है। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 498 ए के तहत लालपुर थाना में कांड संख्या 431/ 2019 दर्ज है। उस पर अपने भाई की पत्नी दीप्ति धनानी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप था। हाई कोर्ट से उसे सशर्त जमानत मिली थी।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**RANCHI :** ओरमांझी पुलिस ने आनंदी निवासी 22 वर्षीय दिनेश मुंडा का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ बरामद किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि स्वजनों संग ग्रामीणा ने युवक की हत्या का आशंका जताते हुए सिकिदिरी ओरमांझी पथ जाम कर दिया। जाम करने में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। सड़क पर बांस-बाली लगा व प्लास्टिक बोरा जला कर सड़क पूरी तरह जाम कर दिया गया। जिससे सड़क के दोनो ओर छोटी बड़ी बाहनों की लंबी लाईन लग गई थी। सूचना मिलने पर ओरमांझी थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह पुलिस जवानों के साथ घटना स्थाल पहुंचें। पुलिस का कहना है कि दिनेश के हाथ पैर में मिट्टी लगा हुआ था। थाना प्रभारी के साथ प्रमुख अनुपमा देवी, सहित कई लोगों के बाद काफी समझाने के बाद उग्र लोग शांत हुए। पुलिस ने दो दिन के अंदर मामले का खुलासा करने का दावा किया है।

### विचाराधीन मृत कैदी के परिजन को मिलेगा सात लाख का मुआवजा

**RANCHI :** मानवाधिकार आयोग के आदेश पर मृत कैदी के परिजन को सात लाख का मुआवजा मिलेगा। इसको लेकर गृह विभाग के महालेखाकार को निर्देश दिया गया है। गुमला जिले के चैनपुर के रहने वाले विचाराधीन कैदी बालेश्वर गोप की 17 दिसंबर 2019 को गुमला जेल में मौत हो गयी थी। इस मामले में मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर उनकी पत्नी लीलावती देवी को आर्थिक सहायता के लिए सात रूपया की राशि का भुगतान किया जायेगा। विचाराधीन कैदी बालकेश्वर गोप की मौत 17 दिसंबर 2019 की शाम सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी थी।

### मांग जल्द नहीं पूरी हुई तो आंदोलन : संघ

**RANCHI :** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की विभिन्न मांगों के प्रति सरकार के उदासीन रवैये के कारण संघ के सदस्यों में काफी रोष है। रोष के कारण झासा की कार्यकारिणी की आकस्मिक बैठक ऑनलाइन आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता रंजीता हेंब्रम द्वारा की गयी। बैठक में सर्वप्रथम सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में बारी-बारी से सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे जिसमें सरकार के प्रति काफी रोष व्यक्त किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि सरकार हमारी मांगों के प्रति संवेदनशील रवैया नहीं अपनाती है तो संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। आंदोलन की रणनीति अगली बैठक में तय की जायेगी।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# भोला पांडेय गिरोह के चार अपराधी गिरफ्तार


एटीएस की गिरफ्त में चारों अपराधी ● फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER RANCHI :** भोला पांडेय गिरोह के चार अपराधियों को झारखंड एटीएस ने गिरफ्तार किया है। मिली गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए बरियातू थाना क्षेत्र स्थित डीएन ग्रांड में छापेमारी करते हुए भोला पांडेय गिरोह के कुख्यात अपराधी सुधीर कुमार उर्फ टप्पू, सुबोध कुमार साहू, टिंकू सिंह और राजेश को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक नाइन एमएम पिस्टल, छह नाइन एमएम की जिंदा गोली, दो मैग्जीन, दो कार, नौ मोबाइल फोन और 39 हजार रुपये बरामद किया है।

**माइनिंग कंपनी को दी थी धमकी**

एटीएस को 20 जून को सूचना मिली थी कि एक नामचीन माइनिंग कंपनी के संचालक को पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी के सहयोगी एक व्यक्ति के द्वारा खुद को अनुज तिवारी बताते हुए फोन कर धमकी दी गई। धमकी में कहा गया कि मोरहाबादी स्थित ऑफिस को बंद कर दो, नहीं तो जान से जाओगे। मिली सूचना का तकनीकी विश्लेषण और जांच के बाद एटीएस ने रांची पुलिस के सहयोग से होटल डीएन ग्रांड में छापामारी कर चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।


बरामद सामान।

**सुधीर कुमार पांडेय गिरोह का कुख्यात अपराधी है**

पांडेय गिरोह का कुख्यात अपराधी सुधीर कुमार उर्फ टप्पू गिरोह सरगना विकास तिवारी का मुख्य गुर्गा है। जो अबतक आठ आपराधिक कांडों में संलिप्त रहा है।

# बकोरिया मुठभेड़ : क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ सुनवाई 27 जुलाई को

**RANCHI :** बकोरिया मुठभेड़ मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ पीड़ित पक्ष की याचिका पर बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। अब मामले में 27 जुलाई को सुनवाई होगी। उस दिन मुठभेड़ में मारे गए लोगों के परिजनों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई होगी। पूर्व में पीड़ित पक्ष ने सीबीआई के क्लोजर को चुनौती देने के लिए याचिका दायर करने के लिए एक सप्ताह के समय की मांग कोर्ट से की थी। सीबीआई के एसडीजेएम प्रवीण उरांव के कोर्ट ने पूर्व में सीबीआई की ओर से मामले में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकृत कर लिया है। मामले में रांची सीबीआई की ओर से 19 अप्रैल को क्लोजर रिपोर्ट दायर करते हुए बताया गया है कि अब मामले में आगे कोई जांच नहीं होगी। इस पर बकोरिया मुठभेड़ से जुड़े शिकायतकर्ता जवाहर यादव रांची सीबीआई कोर्ट में प्रस्तुत हुए थे। उल्लेखनीय है कि पलामू के सतबरवा प्रखंड के भलवाही घाटी में 8 जून, 2015 को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में माओवादी कमांडर अनुराग और उसका बेटा, भतीजा, पारा शिक्षक उदय यादव सहित 12 की जान गई थी। मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए पारा शिक्षक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने हाई कोर्ट में पीआईएल दायर किया था। हाई कोर्ट के निर्देश पर दिसंबर 2018 से सीबीआई बकोरिया मुठभेड़ की जांच कर रही थी। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में सीबीआई ने पूरे मामले में क्लोजर रिपोर्ट दी थी।

### दो नक्सलियों से एनआईए कर रही पूछताछ

लातेहार के चंदवा में चार पुलिसकर्मियों की हत्या की साजिश में नक्सलियों से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पूछताछ कर रही है। लातेहार जिले के बालूमाथ निवासी शीतल मोची और चंदवा निवासी काजेश गंझू को चार दिनों की रिमांड पर लेकर रांची की एनआईए ब्रांच पूछताछ कर रही है। इससे पहले भी इन दोनों नक्सलियों से एनआईए पूछताछ कर चुकी है। एनआईए की ओर से कहा गया कि जांच के दौरान 22 नवंबर 2019 को लुकईया मोड़ में ड्यूटी पर तैनात चार पुलिसकर्मियों की हत्या, उनके हथियार और गोला बारूद की लूट में दोनों की भूमिका सामने आयी है। घटना को अंजाम देने के लिए भाकपा (माओवादी) के रवींद्र गंझू के नेतृत्व में एक दल का गठन हुआ था। दोनों आरोपी भाकपा (माओवादी) के कैडर हैं। गौरतलब है की बीते 23 नवंबर 2019 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड में चुनाव प्रचार के लिए आए हुए थे। लातेहार में उस दिन भाजपा की बड़ी सभा थी। इस सभा से एक दिन पहले 22 नवंबर की शाम को नक्सलियों ने घटना का अंजाम दिया था।

## निर्दोष युवक को हत्या के आरोप में जेल में रखने के मामले में हुई सुनवाई

# HC ने युवक को पांच लाख हर्जाना देने का दिया निर्देश

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट ने प्रीति हत्याकांड के फर्जी केस में जेल में रहे युवक की याचिका पर सुनवाई की। प्रार्थी अजीत कुमार की ओर से मुआवजा दिए जाने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि बिना सही जांच के किसी को जेल में रखना सही नहीं है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार के गृह विभाग को यह निर्देश दिया है कि पीड़ित युवक को हजार्ने के तौर पर पांच लाख रुपये दिए जाएं। यह जानकारी अजित कुमार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता आकाश दीप ने दी। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। मामले की सुनवाई जस्टिस संजय द्विवेदी की अदालत में हुई। गौरतलब है कि 15 फरवरी 2014 को रांची के चुटिया की रहने वाली प्रीति नाम की एक युवती लापता हो गई थी। घटना के दूसरे दिन 16 फरवरी 2014 को बुंडू थाना क्षेत्र स्थित मांझी टोली पक्की रोड के समीप उसका शव बरामद हुआ था। शव जले हुए हालत में मिला था।




**धुर्वा के तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया था**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ था कि उस युवती की हत्या के बाद अपराधियों ने उसे जला दिया था। शव अज्ञात था। पुलिस ने प्रीति के परिजनों को पहचान करने को कहा। कद-काठी लगभग एक जैसी होने के कारण परिजनों ने प्रीति के शव होने की आशंका जताई थी। जिसके बाद पुलिस ने डीएनए मैच कराए बिना मान लिया की शव प्रीति का है। जिसके बाद पुलिस ने धुर्वा के तीन युवकों को गिरफ्तार किया। उनका नाम अजित कुमार, अमरजीत कुमार व अभिमन्यु उर्फ मोनू है। तीनों युवकों को 17 फरवरी 2014 को जेल भेज दिया गया।

**आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया था**

15 मई 2014 को रांची पुलिस ने तीनों के खिलाफ अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और हत्या कर जलाने के मामले में आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया था। तीनों युवक इनकार करते रहे कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। सीआइडी की जांच के बाद इस केस के अनुसंधानकर्ता सुरेंद्र कुमार, तत्कालीन चुटिया थाना प्रभारी कृष्ण मुरारी और तत्कालीन बुंडू थाना प्रभारी संजय कुमार को निलंबित किया गया था। साबित हुआ था कि इन तीनों ने बिना सही अनुसंधान के तीनों छात्रों को गिरफ्तार किया और उन्हें जेल भिजवा दिया।

# सातवीं जेपीएससी में आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने के मामले में हुई सुनवाई

**RANCHI :** सातवीं जेपीएससी में आरक्षण का लाभ नहीं दिये जाने को लेकर दायर 13 याचिकाओं की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने इसे वृहत बेंच में लंबित मामलों के साथ संलग्न कर सुनवाई करने को कहा है। वृहत बेंच में इस तरह के समान इश्यू पर मामला लंबित है जिसे देखते हुए कोर्ट ने वृहत बेंच में इस मामले को भी संलग्न कर सुनवाई करने को कहा है।

**जाति प्रमाण पत्र को स्पेसिफिक फॉर्मेट में देने में विलंब होने पर नियुक्ति रद्द नहीं होगी :** पिछली सुनवाई के दौरान अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया और अमृतांश वत्स ने सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2016 के राजकुमार गिजरोईया बनाम दिल्ली एनसीटी के आदेश का हवाला देते हुए अदालत को बताया था कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि यदि जाति प्रमाण पत्र को स्पेसिफिक फॉर्मेट में देने में आगे पीछे कुछ समय लगता है तो इसके आधार पर नियुक्ति रद्द नहीं की जा सकती है।

**क्या है मामला**

दरअसल, प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया था कि सातवीं जेपीएससी की मेरिट लिस्ट मई 2022 में जारी की गई थी। इसके बाद अभ्यर्थियों का मार्क्स स्टेटमेंट नहीं जारी किया गया। कोर्ट के निर्देश के बाद जनवरी 2023 में अभ्यर्थियों का मार्क्स स्टेटमेंट जारी किया गया। जिसमें प्रार्थी ने अपने निर्धारित श्रेणी में कट ऑफ मार्क से ज्यादा अंक प्राप्त किया है। जेपीएससी ने यह कहते हुए इनका चयन नहीं किया कि उनकी ओर से दिया गया जाति प्रमाण पत्र राज्य सरकार की बजाय केंद्र सरकार ने जारी किया है। प्रार्थी ने की ओर से कहा गया था कि इनके प्रमाण पत्र सत्यापन के दौरान आयोग की ओर से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई थी उन्हें साक्षात्कार में शामिल किया गया ऐसे में उनका चयन नहीं करना सही नहीं है। मामले को लेकर प्रार्थी सुनील कुमार सुमन, अंजलि बाखला सहित 13 याचिकाएं दाखिल की गई हैं।

## विश्व योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता हुए शामिल

# MECON स्टेडियम में 4000 लोगों ने किया योगा


मेकॉन स्टेडियम में योग करते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व अन्य।

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर रांची के मेकॉन स्टेडियम में करीब 4000 लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। विश्व योग दिवस पर रांची का मौसम भी सुहाना रहा। बारिश के बीच लोगों ने योगाभ्यास किया। यहां तक की लोग छाता लेकर योग करते नजर आए। योग दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि योग भारत का परिचय है, भारत का इतिहास है और झारखंड राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार के नेतृत्व में योग को एक अलग पहचान देने का काम निरंतर प्रयास किया जा रहा है। झारखंड के सभी लोग योग के प्रति एक दूसरे को और ज्यादा जागरूक करें। वहीं, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने भी लोगों को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं दी और लोगों को योग एवं प्राणायाम के फायदे गिनाए।

### क्रीड़ा भारती ने मोरहाबादी में मनाया योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती रांची महानगर के पदाधिकारियों ने मोरहाबादी मैदान के नाइट मार्केट के समीप बुधवार को योग दिवस मनाया। क्रीड़ा भारती के प्रांत के उपाध्यक्ष मुनचुन राय और रांची महानगर के अध्यक्ष रवि मुंडा एवं कमांडो डिफेंस एकेडमी रांची के संचालक रोहित कुमार के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया।योग शिक्षिका रफि या नाज एवं प्रह्लाद ने सभी को योगा करवाया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 पुरुष एवं महिला ने योग किया ।



### हाईकोर्ट भवन परिसर में जज और कर्मियों ने किया योग

**रांची :** धुर्वा स्थित झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को सभी जज, रजिस्ट्री के मेंबर और कर्मियों ने योग का अभ्यास किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह 6:30 बजे योग कैंप का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम प्लाजा, सेरिमोनियल गेट के नजदीक धुर्वा स्थित हाई कोर्ट के नए भवन में हुआ। योगा कैंप में हाई कोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्री के मेंबर और कर्मचारी शामिल हुए।

# दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ उद्घाटन


पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन करते डीआईजी अनूप बिरथरे व अन्य।

**CRIME REPORTER RANCHI :** कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में बुधवार को डीआईजी अनूप बिरथरे ने दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन किया। पुलिस ड्यूटी मीट 23 जून तक चलेगा। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर रेंज के रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा के पुलिस पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे, रांची एसएसपी किशोर कौशल के अलावे ग्रामीण एसपी नौशाद आलम सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बताया गया कि दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को अपराध अनुसंधान के गुर सिखाना है। पुलिस ड्यूटी मीट में पुलिसकर्मियों को सहायक निदेशक, राज्य आगंतुक ब्यूरो नीरज सहाय, सहायक निदेशक, एफएसएल रांची डॉ अमित कुमार, आईटीएस इंस्पेक्टर असित कुमार मोदी, सीआईडी फोटोग्राफर दिलीप कुमार महतो, सीआईडी श्वान दस्ता प्रभारी एतवा उरांव, सीआईडी कुजरी जामुदा और सुनील कुमार यादव प्रशिक्षण देंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय YOGA DIVAS के अवसर पर RAMGARH में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नमामि गंगे योजना के तहत बुधवार को छत्तरमांडू स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त श्री रोबिन टोप्पो, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री नीतीश कुमार, अपर समाहर्ता श्री नेलसम एयोन बागे, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने सामुहिक रूप से योग किया।


मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में योगाभ्यास करते लोग। ● द फोटोन न्यूज

मौके पर उप विकास आयुक्त श्री रोबिन टोप्पो ने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने एवं इससे उन्हें होने वाले फायदों के प्रति जानकारी दी वहीं अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने कहा कि प्राचीन काल से योग भारत का एक अभिन्न अंग रहा है एवं कई प्रकार की बीमारियों से लोगों को बचाता रहा है। वर्तमान में पूरा विश्व आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है हम सभी को योग को अपने जीवन में शामिल कर इसका लाभ उठाना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना रामगढ़ सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को शुभकामनाएं देने के उपरांत नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों के प्रति सभी को जानकारी दी साथ ही उन्होंने सभी को अपने क्षेत्र के गंगा व अन्य नदी तटीय स्थानों को साफ सुथरा रखने एवं वहां रहने वाले अन्य लोगों को भी जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के प्रति प्रेरित करने, नदियों में कूड़ा कचरा व पॉलिथीन नहीं डालने, पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, हमेशा कपड़े के थैले का प्रयोग करने, घर के गंदे पानी के निपटान के लिए सोख्ता गड्ढा बनवाने, नदियों में बची हुई पूजा सामग्री व केमिकल से बनी हुई मूर्तियां विसर्जित नहीं करने, बची हुई पूजा सामग्री को पौधों के लिए खाद के रूप में प्रयोग करने, खुले में शौच के स्थान पर शौचालय का प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन समाजसेवी श्री कमल किशोर बगड़िया एवं धन्यवाद ज्ञापन नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार ने किया वहीं पतंजलि योगपीठ रामगढ़ के योग प्रशिक्षक श्री द्वारिका प्रसाद ने कार्यक्रम में सभी को विभिन्न योगासनों एवं उनके फायदे की जानकारी दी साथ ही योग अभ्यास भी कराया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपरोक्त के अलावा जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सिविल कोर्ट में किया योगाभ्यास


सिविल कोर्ट परिसर में योगाभ्यास करते न्यायाधीश व कोर्ट स्टाफ। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** सिविल कोर्ट परिसर में न्यायाधीशों ने सिविल कोर्ट के स्टाफ के साथ प्रशिक्षक सह अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती के निर्देशन में योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। इससे पूर्व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने लोगों को कहा कि स्वस्थ मन व शरीर बनाए रखने के लिए योग का नित्य किया जाना अति आवश्यक है। इसी के प्रचार-प्रसार एवं बढ़ावा देने के लिए आज के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में चुना गया है।

योग करने वालों में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुभाष, जिला न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, राजेश कुमार अनुमंडल न्यायिक पदाधिकारी राज कल्याण, प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, न्याय दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा एवं सिविल कोर्ट के नाजिर, मुख्य क्लर्क एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खूंटी में योग सत्र का आयोजन

**PHOTON NEWS KHUNTI :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खूंटी में विभिन्न संस्थाओं और जिला प्रशासन ने बुधवार सुबह अलग-अलग स्थानों पर योग सत्र का आयोजन कर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को योग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

बिरसा कॉलेज हॉकी स्टेडियम में सुबह छह बजे से आयोजित योग सत्र में योगाभ्यास के लिए बालाजी गुरुकुलम हैदराबाद के योग प्रशिक्षक अशोकानंद शास्त्री उपस्थित हुए। उन्होंने कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारी प्रशासनिक पुलिस पदाधिकारी, सुरक्षा बल के जवान, विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारी, कर्मी के अलावा विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

### खूंटी न्यायालय एवं उपकारा में योग शिविर का आयोजन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खूंटी कोर्ट और उपकारा में अलग-अलग योग शिविर का आयोजन किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय रांची के निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में खूंटी न्यायालय के आठ कोर्ट भवन में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में अपर जिला जज प्रथम, संजय कुमार, अपर जिला जज द्वितीय, सत्यकाम प्रियदर्शी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम, तुषार आनंद, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष दीपक कुमार विद्यार्थी सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी और न्यायालय कर्मी के अलावा सहित अधिवक्ता गण शामिल हुए।

डालसा द्वारा उपकारा खूंटी में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डालसा सचिव मनोरंजन कुमार, एलएडीसी के सभी सदस्य, जेल पदाधिकारी एवं आर्ट आफ लिविंग के सदस्यों ने उपकारा के कैदियों के साथ योगाभ्यास में भाग लिया।

### सीआरपीएफ 94 बटालियन में योग शिविर

तजना भवन स्थित सीआरपीएफ 94 बटालियन में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर में हैदराबाद योग संस्थान के प्राचार्य अशोकानन्द एवं खूंटी जिले के पंतजलि योग के युवा अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने जवानों को विभिन्न प्रकार के योगासन का अभ्यास कराया। साथ ही निरोग रहने के लिए नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में कमांडेंट राधेश्याम सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी प्रकाश रंजन मिश्र, उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल व संतोष कुमार के अलावा अन्य अधिकारी व जवान शामिल हुए।

### भाजपा कार्यालय में योग शिविर

भाजपा के खूंटी जिला कार्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। योग शिविर के बाद कार्यालय परिसर में विधायक द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया

## योग को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा व स्वस्थ रहें : राजू कच्छप

**PHOTON NEWS GUMLA :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो ने नर्सिंग कौशल कॉलेज में बुधवार को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिविल सर्जन गुमला डॉ. राजू कच्छप ने कहा कि योग हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत जरूरी है। हम सभी को हर दिन योगाभ्यास के लिए समय निकालना चाहिए। क्योंकि, योग पूरी मानवता के लिए लाभदायक है। हम कितने भी तनावपूर्ण माहौल में क्यों न हों, कुछ मिनट का ध्यान हमें शांत कर देता है। हमारी उत्पादकता को बढ़ा देता है।

विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर नर्सिंग कौशल कॉलेज कर्नल डॉ. बीके मल्लिक ने कहा कि स्वयं को स्वस्थ और प्रफुल्लित रखने का आसान और निशुल्क उपाय योग को दिनचर्या में शामिल कर लेना है। योग परिवार गुमला के अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न अंग है। हमें योग को दिनचर्या में शामिल कर रोग मुक्त रहने का प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने कहा कि संपूर्ण विश्व के लोगों ने योग के महत्व को स्वीकार करते हुए पहली बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2015 को मनाया था। इसी क्रम में नर्सिंग कौशल कॉलेज, गुमला में ₹योग फॉर वसुधैव कुटुंबकम्₹ एवं ₹हर आंगन योग₹ पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सुबह सात बजे से आयोजित कार्यक्रम के दौरान ॐ स्वर से शुरूआत हुई। इसके बाद ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटी चक्रासन, ताड़ासन, वृक्षासन आदि आसनों का अभ्यास करवाया गया। योग परिवार गुमला के अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने शांति पाठ करवाया।

## स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड में हुआ शिविर का आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत बुधवार को ब्लॉक मोड़ पतरातू के समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर का आयोजन किया गया।

राजकुमारी फाउंडेशन के सहयोग से क्रियान्वित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू पंचायत के चार अन्य केंद्रों को भी शिविर में शामिल किया गया है जिसके माध्यम से पतरातू बस्ती, पतरातू भुईयां टोली, शांति मोहल्ला एवं दुर्गा मंडप पतरातु के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान राजकुमारी फाउंडेशन द्वारा चिन्हित कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु 15 दिनों तक कुपोषित बच्चों को आहार विशेषज्ञ की निगरानी में विशेष भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही अभिभावकों की काउंसलिंग भी की जाएगी। शिविर के दौरान कुल 72 बच्चों की कुपोषण जांच की गई जिनमें 21 बच्चों को कुपोषित पाया गया एवं उपचार हेतु आगे का कार्य किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य समृद्धि परियोजना के तहत 10 लोगों को टेलीमेडिसिन सेवा भी उपलब्ध कराया गया वहीं एक बच्चे का अन्नप्राशन किया गया।


शिविर में स्वाथ्य जांच कराती महिला। ● द फोटोन न्यूज

### स्वास्थ्य समृद्धि वाहन की विशेषताएं

**विस्तृत कवरेज :** एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उदेश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुचई जा सकेगी।

**भंडार कक्ष :** यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी इसमे विभिन्न आकार की संद्रखें और दराज है जिसमे पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा।

**कार्य :** यह वाहन शिविर कर्मियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक ले जाने मे सहयोग करेगी। केंद्रीय कृत निगरानी वाहन में लगे क्लाउड वेस्ड कैमरे द्वारा शिविर के प्रतेक गतिविधियों की निगरानी रखी जाएगी।

**लक्षित समूह :** उम्र के सापेक्ष में कम वजन वाले अति कुपोषित बच्चे एवं उनके अभिभावक अधिकतम 40 कुपोषित बच्चे प्रत्येक शिविर में लाभान्वित होंगे

**सेवाएं :** चलित कुपोषण उपचार वाहन द्वारा दो तरह की सुविधाएं दी जाएंगी।

**नियमित भोजन :** कुपोषित बच्चों को उम्र के हिसाब से उपायुक्त पौष्टिक भोजन दिन में तीन बार दिया जाएगा यह भोजन विशेषज्ञ की देखरेख में बनाया जाएगा।

**टेलीमेडिसिन :** यह मेडिकल वैन रोस्टर के अनुसार गांव- गांव जाएगी और कुपोषित बच्चों के साथ- साथ वयस्कों के लिए टेलीमेडिसिन पर काम करेगी।

## सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रति जागरूकता वाहन से लोगों को किया जा रहा जागरूक

# अंचल अधिकारी चितरपुर TRIPTI VJAY KUJUR ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**PHOTON NEWS RAMGARH :** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी योग्य बच्चियों व युवतियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से 14 जून को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी क्रम में बुधवार को अंचल अधिकारी चितरपुर तृप्ति विजय कुजुर द्वारा जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता वाहन द्वारा चितरपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ग्रामीणों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ लेने हेतु पात्रता व योजना के माध्यम से मिलने वाले फायदे की जानकारी दी गई।

झारखंड में मुख्यमंत्री सुकन्या योजना का नाम बदल कर सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना कर दिया गया है। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा पर जोर व बाल विवाह प्रथा का अंत, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं वैयक्तिक स्वच्छता में सहायता करना है।


जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती तृप्ति विजय कुजुर। ● द फोटोन न्यूज

योजना के तहत छात्राओं को आर्थिक सहायता मुहैया करायी जायेगी। इसमें कक्षा 8वीं एवं नौवीं में नामांकित बालिका को 2500 रुपये, कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में दाखिला लेने वाली बालिकाओं को 5000 रुपये तथा 18 से 19 वर्ष की आयु की बालिका को एक मुश्त अनुदान के रूप में 20,000 रुपये दिये जायेंगे।

### इन्हें मिलेगा लाभ

यह सहायता मां की पहली दो बेटियों के लिए देय होगा। लाभार्थी की मां की ओर से स्व घोषणा पत्र समर्पित किया जायेगा जिसे आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। इस योजना के तहत सरकारी, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित,एनसीएलपी के अंतर्गत संचालित तथा झारखंड सरकार द्वारा अनुदानित विद्यालयों में कक्षा 8वीं से 12वीं में अध्ययनरत सभी छात्राओं को योजना के दायरे में लाया गया है। योजना का लाभ केवल उन्हें मिलेगा, जिनके माता-पिता किसी सरकारी सेवा अथवा सार्वजनिक उपक्रम में सेवारत नहीं हैं। माता-पिता आयकर दाता नहीं हों। आवेदन में छात्रा का जन्म प्रमाण पत्र लगाना होगा।

### वोटर लिस्ट में पंजीयन अनिवार्य

छात्रा की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने पर उनका नाम संबंधित कैलेंडर वर्ष में झारखंड राज्य की मतदाता सूची में पंजीकृत कराना अनिवार्य है। लाभार्थी का आवेदन के समय मतदाता पहचान पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। 19 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पूर्व ही इस योजना के तहत आवेदन करना अनिवार्य है।

### यहां कर सकेंगे आवेदन

योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी सीधे अथवा आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में आवश्यक प्रमाण-पत्रों एवं दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है। प्रमाण-पत्रों एवं अभिलेखों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। प्रारंभ में इस योजना के तहत पूरी प्रक्रिया मैन्युअल की जायेगी। कालांतर में पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। ज्यादा जानकारी के लिए समाहरणालय स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं प्रखंडवार बाल विकास परियोजना कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## BRIEF NEWS

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में हुआ योग कार्यक्रम का आयोजन


बच्चों द्वारा योगाभ्यास का मनमोहक नजारा। ● द फोटोन न्यूज

**RAMGARH :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में नमामि गंगे योजना के तहत योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लेकर योगाभ्यास किया है वही कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों को नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों, नदियों सहित अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने में उनकी भूमिका आदि के प्रति जागरुक करने का कार्य किया गया।

### हरली हाई स्कूल में बच्चों ने किया योगाभ्यास


योगाभ्यास करते हरली हाई स्कूल के बच्चे। ● द फोटोन न्यूज

**HAZARIBAG :** बड़कागांव में अदाणी फॉउंडेशन ने बुधवार को हरली स्थित राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में योग दिवस का आयोजन किया। योग दिवस पर बच्चों को सामूहिक रूप से व्यायाम, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम करवाया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने योग कराने से पहले उसकी महत्ता बताई। साथ ही उन्हें बताया गया कि नियमित रूप से योग करने से किस तरह रोगों से छुटकारा मिल सकता है और शरीर स्वस्थ बना रहता है। इसके अलावा बच्चों को यह भी जानकारी दी गयी कि आज पूरी दुनिया योग दिवस मना रही है और भारत की विद्या को पूरे विश्व ने स्वीकार किया है। इसलिए सभी देशवासियों को इस पर गर्व होना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य जफरुल इस्लाम, अदाणी फॉउंडेशन की शिक्षक अनिता कुमारी और हरेंद्र कुमार समेत विज्ञान विषयों की विशेष कक्षा के बच्चे और अन्य लोग मौजूद थे।

### फायरिंग रेंज कॉलोनी में नाली नहीं होने के कारण आम जनता परेशान


नाली नहीं होने के कारण परेशान ऊायरिंग रेंज कॉलोनी के लोग। ● द फोटोन न्यूज

**RANCHI :** वार्ड नंबर 4 फर्स्ट फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल गली, फायरिंग रेज कॉलोनी ,बरियातू रांची में नगर निगम ने पहले नाली बनाया था, लेकिन बाद में नाली को तोड़ दिया ।नाली तोड़े जाने की वजह से सड़क पर पानी आ जाती है जिससे कॉलोनी के आम जनता को विशेषकर महिलाओं और बच्चियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है । सड़क पर हमेशा का कीचड़ रहती है ।बरसात आ रही है ,इसमें और ज्यादा परेशानी होगा मोहल्ला वासी रांची नगर निगम से आग्रह करते हैं कि बरसात से पहले नाली बनाने का काम करे। डीएवी स्कूल की तरफ से पानी इधर आता है ।वार्ड पार्षद के पास कई बार शिकायत करने के बाद भी वार्ड पार्षद हुस्ना आरा ने आज तक ध्यान नहीं दिया ।नाली का पानी रोड पर आ जाने के कारण नाली टूटे हुए होने के कारण आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती है। मोहल्ला वासी उमेश कुमार मेहता, सुदामा प्रसाद, मोहम्मद मुस्ताक आलम, राज कुमार मेहता, सुरेश प्रसाद, शमीम अहमद, धीरज साहू, जितेंद्र कुमार प्रजापति, सुनील पांडे, सुनील कुमार वर्णवाल, सरोज कुमार मेहता, राजेश राय, वकील मेहता, रामचंद्र, कमलेश पासवान, प्रकाश साहू समेत मोहल्ला वासी मौजूद थे।

### वज्रपात से महिला झुलसी, चार पशुओं की मौत

**PALAMU :** जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर बुधवार को बारिश के साथ हुए वज्रपात में चार पशुओं की मौत हो गयी, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रजवार गांव के समीप ललबारा मौजा में वज्रपात से कपिलदेव मेहता की 47 वर्षीय पत्नी विमला देवी घायल हो गयी, जबकि उसकी तीन बकरियों की मौत हो गयी। घायल महिला स्थानीय सीएचसी में इलाजरत है। तूरी गांव में वज्रपात की चपेट में आकर रघुनी भुइयां के एक बैल की मौत हो गयी।

### पलामू में बैंक के अंदर ग्राहक की नकदी चोरी

**PALAMU :** जिले के हैदरनगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा में पैसे की निकासी करने आए बरेवा गांव के बबन प्रजापति का उचक्कों ने झोला काटकर 20 हजार रुपये नकदी चोरी कर लिए। भुक्तभोगी ने बताया कि बुधवार की दोपहर पैसे निकासी करने के बाद पासबुक प्रिंट करवा रहे थे। इसी क्रम में उच्चक्कों ने उसका झोला काटकर उसके 20 हजार रुपये लेकर चंपत हो गए। घटना के बाद बबन ने खोजबीन की लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। इस संबंध में उसने हैदरनगर थाना में आवेदन दिया है। थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने बताया कि इस मामले की छानबीन चल रही है। घटना बैंक परिसर में ही हुई। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहे है।

### छत से गिरकर एक की मौत, महिला ने की आत्महत्या

**KODERMA :** जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना में जयनगर थाना के गोहाल में मंगलवार की देर रात करीब दो बजे छत से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सर्जन पासवान (60) ग्राम गोहाल जयनगर के रूप में हुई है। दूसरी घटना में कोडरमा थाना के पथलडीहा अनंतडीह में बुधवार की सुबह एक महिला ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान अंजली देवी के रूप में हुई है। इसका कारण पति-पत्नी में झगड़ा बताया गया है। दोनों मामलों में पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

### गिरिडीह में अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

**GIRIDIH :** खनिजों के अवैध कारोबार के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की कारवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार की सुबह जिले के निमियाघाट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध कोयला लोड ट्रक को जब्त किया है। कोयला लोड ट्रक का मालिक कौन है और कोयला मालिक का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। लेकिन लगभग 20 टन कोयला लोडेड ट्रक नारायानपुर से बोकारो की और जा रही थी। इसी दौरान निमियाघाट थाना पुलिस ने इसे नागलो के समीप से जब्त किया।

# डीडीसी ने मनरेगा व मत्स्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



बैठक करते उप विकास आयुक्त मनीष कुमार व अन्य • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** पूर्वी सिंहभूम के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त मनीष कुमार की ओर से मनरेगा, जेएसएलपीएस, मत्स्य विभाग के पदाधिकारी के साथ बैठक की। इसमें विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, डीपीओ अरूण द्विवेदी, डीपीआरओ डॉ रजनीकांत मिश्रा, एडीएसएस नेहा संजना खलखो, जिला मत्स्य पदाधिकारी अलका पन्ना उपस्थित रहे। सभी बीडीओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इस बैठक में जुड़े। बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा में सभी प्रखंड के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए खरछढर को 820 एकड़ तथा मनरेगा की टीम को 930 एकड़ में बागवानी कराने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखंडों को स्पष्ट निदेश दिया गया कि 23 जून 2023 तक भूमि का चयन तथा योजना की स्वीकृति सुनिश्चित करेंगे । उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत फलदार वृक्षो की बागवानी किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसका मूल उद्देश्य किसानों की आमदनी को बढ़ाना है। इस योजना को मनरेगा से जोड़ दिया गया है। मत्स्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा में जिले में मत्स्य उत्पादन को बढ़ाने पर जोर दिया गया । उप विकास आयुक्त ने कहा कि मत्स्य पालन से ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ें, इसे किसान स्वरोजगार के रूप में भी अपना सकते हैं जिससे उनकी आय में बढ़ोत्तरी होगी । विभाग की योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्र में वृहद प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को मत्स्य पालन से जोड़ने का निर्देश दिया गया । साथ ही जिले में विभिन्न स्त्रोंतो से विगत वर्ष का मत्स्य उत्पादन का मासिक प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया गया। सभी मत्स्य मित्रों को एक्टिव करते हुए क्षेत्र भ्रमण पर विशेष ध्यान देने, पॉटेंशियल लाभुक को चिन्हित कर योजनाओं से अवगत कराने तथा लाभुकों को मत्स्य पालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करने की बात कही गई।

# इंटरमीडिएट नामांकन शुरू कराने की मांग को ले ABVP ने डीईओ कार्यालय में की तालाबंदी

## छात्रों ने कहा- जब तक कॉलेजों में 11वीं नामांकन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो जाती, जारी रहेगा आंदोलन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जमशेदपुर महानगर इकाई के डिग्री कॉलेज द्वारा ग्यारहवीं के दाखिला प्रारंभ करने की मांग को लेकर के जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्यालय में तालाबंदी की गयी। छात्रों का कहना था कि जब तक कॉलेजों में 11वीं नामांकन की प्रक्रिया शुरू नही हो जाती यह आंदोलन चलता रहेगा। छात्रों के इस आंदोलन की वजह से विभाग के कर्मचारी करीब एक घंटा तक कार्यालय में ही बंद रहे। बाद में जिला शिक्षा अधीक्षक के आश्वासन के बाद छात्र माने व वापस लौटे। छात्र नेता बापन घोष ने कहा 1 महीने से अधिक समय हो गए हैं दसवीं के परिणाम निकले हुए लेकिन अभी तक 11वीं के महाविद्यालय में दाखिला की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुआ है जिसके कारण छात्र इतनी गर्मी में प्रतिदिन परेशान हो रहे है। कई बार ज्ञापन देने के बाद भी जिला शिक्षा पदाधिकारी और झारखंड अधिविद्य परिषद छात्रों के बातों



जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते अभाविप • फोटोन न्यूज

को सुनने को तैयार नहीं महाविद्यालय में पढ़ाई बंद हिने से सिर्फ छात्र ही नही सैंकड़ो शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी भी परेशान है। इस धरना प्रदर्शन में परिषद के अमन ठाकुर, गौरव साहू, बापन घोष, सिद्धार्थ सिंह, विवेक झा, कार्तिक झा, यश अग्रहरि, प्रियांशु राज, अभिषेक कुमार, शुभम राज, सौरभ पाठक आदि उपस्थित थे।

**एनएसयूआई ने कहा अभाविप दिखावा कर रही है विरोध करना है तो केंद्र सरकार का करें:** वहीं अभाविप के इस विरोध प्रदर्शन पर एनएसयूआई के प्रभजोत सिंह ने कहा कि अभाविप दिखावे का विरोध कर रही है। क्योंकि जिस नई शिक्षा नीति की वजह से कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद हुई है। उसे जिसे भाजपा वाली केंद्र सरकार ने ही लागू किया है। ऐसे में अगर विरोध कराना है तो अभाविप के लोग सबसे पहले केंद्र सरकार का विरोध कर पूछें की उन्होंने ऐसी छात्र विरोधी नीति क्यों लागू किया।

**इंटरमीडिएट नामांकन शुरू कराने की मांग को लेकर एडीसी से मिले छात्र:** इंटरमीडिएट में नामांकन हेतु जिला के अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा जी मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को सूचनार्थ है, प्रतिनिधि मंडल में बीजेपी के सक्रिय नेता विमल बैठा भी सामने आए। छात्र नेताओं का कहना है कि जब तक इंटरमीडिएट के पठन पाठन हेतु सरकार कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही कर लेती है, तब तक राज्य के सभी डिग्री महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को यथावत जारी रखा जाए। साथ ही छात्र प्रतिनिधिमंडल सरकार से ये निवेदन भी करते हैं की राज्य सरकार राज्य में पूर्व से संचालित अग्रणी उच्च विद्यालयों का उन्नयन 10+2 विद्यालय के रूप में करे।

# आज से स्कूलों में नर्सरी से 8वीं तक की कक्षाएं भी खुलेंगी

**Jamshedpur:** सरकार ने निजी व सरकारी समेत सभी कोटे की स्कूलों को के नर्सरी से 12वीं तक के कक्षाओं को गुरुवार से खोलने की अनुमति प्रदान कर दी है। इसके बाद शहर के स्कूलों ने भी अभिभावकों को वाट्सअप मैसेज कर स्कूल खुलने की सूचना भेज दी है। साथ ही किस क्लास की कक्षाएं कितने बजे तक संचालित होगी इसकी जानकारी भी दी गयी है।

स्कूलों द्वारा जारी सूचना के तहत सीनयर वर्ग की कक्षाएं सुबह 6 बजे से 12 बजे के बीच संचालित होंगी जबकि जूनियर वर्ग की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11.30 बजे के बीच संचालित होंगी। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में मानसून के आगमन की वजह से मौसम में आए बादलाव व तापमान में दर्ज की गयी कमी को देखते हुए स्कूलों को खोलने का निर्णय लिया गया है। विदित हो कि इससे पहले प्रचंड गर्मी को देखते हुए तीन बाद स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के सचिव ने स्कूलों में संचालित नर्सरी से 8वीं तक की कक्षाओं को बंद करने का आदेश जारी किया था। लेकिन अब गर्मी से थोड़ी राहत मिलने के बाद सरकार ने स्कूलों 1 खोलने पर सहमति व्यक्त कर दी है।

# नाबालिग नवविवाहिता ने की आत्महत्या फोन को लेकर पति से हुई थी लड़ाई

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** मानगो के दाईगुट्टू शीतला मंदिर के पास एक नाबालिग नवविवाहिता मनीषा मछुआ (15) ने फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उसे फंदे में लटका देखा तो आनन फानन उसे उतारकर एमजीएम अस्पताल ले गए, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर किया गया। रात 1.20 बजे उसे एमजीएम से रिम्स ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को लेकर परिजन वापस अस्पताल आ गए। जहां बुधवार को पुलिस शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है।



मृतका की फाइल फोटो

**फोन को लेकर पति से हुई थी लड़ाई:** जानकारी के अनुसार मनीषा का मायका आदित्यपुर 2, कुलूपटांग बस्ती में है। मंगलवार को वह अपने ससुराल वर्कर्स कॉलेज के पास मछुआ बस्ती से अपने पति चीकू मछुआ के साथ घूमने के लिए ननद के यहां गई थी।

वहां रात को पति ने अपने मालिक को फोन करने के लिए पत्नी से फोन मांगा। उस वक्त मनीषा फोन चला रही थी। उसने पति को फोन देने से मना कर दिया। तभी पत्नी से फोन छीनकर पति बात करते हुए शौच की तरफ चला गया। वापस लौटा तो पत्नी पंखे में फंदे से लटक रही थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# बागबेड़ा में युवती ने फांसी लगाकर दे दी जान

## 20 वर्षीय अंजली घर पर रहती थी अकेली

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** बागोड़ा थाना अंतर्गत शिव मंदिर निवासी 20 वर्षीय अंजली कुमारी ने रेलवे क्वार्टर स्थित अपने निवास स्थान में पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही बागबेड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल समा गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका किसी निजी संस्थान में कार्यरत थी। घर में अपने आप को अकेला पाकर युवती ने चुन्नी से पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया, हालांकि इस संबंध में परिवार वाले कुछ भी बोलने से साफ इंकार कर रहे हैं। घटना जानकारी मिलते ही बागबेड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बागबेड़ा पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि आत्महत्या के पीछे क्या कुछ कारण है। इसकी जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि परिजनों के लिखित शिकायत के आधार पर आगे की कारवाई की जाएगी।

# शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मुहिम शुरू हुआ प्रोजेक्ट 'परखः पढ़ाई और खेल'

## उप विकास आयुक्त ने शिक्षा पदाधिकारी व प्राचार्यों के साथ की बैठक

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** सरकारी विद्यालयों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार सीखने व सीखाने की प्रक्रिया में जरूरी बदलाव लाकर ही किया जा सकता है। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतरीन बनाने के लिए शिक्षकों को जरूरी पड़े तो पढ़ाने के तरीकों में बदलाव लाने होंगे, आरंभ से ही विद्यार्थियों की नींव मजबूत करने की दिशा में मेहनत करनी होगी। शिक्षा का सही उद्देश्य तथ्यों का नहीं बल्कि मूल्यों का सही ज्ञान होना है... ये बातें उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार ने जिले की उपायुक्त के निदेर्शानुसार शिक्षा विभागीय पदाधिकारियों तथा सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों के साथ जिला सभागार में आहूत बैठक में कही। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निर्मला बरेलिया, सभी बीईईओ तथा शिक्षा विभागीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे । उन्होने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा के परिणामों पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि इस प्रदर्शन को और आगे बढ़ाते हुए अगले वर्ष जिला को पांचवें से नंबर एक पायदान पर लाना है । क्या किया उसे भूलकर अब कैसे करेंगे उसपर फोकस करें । हम सभी का सामूहिक प्रयास इस दिशा में हो कि अगले वर्ष एक भी बच्चा सेंकेंड या थर्ड डिविजन से नहीं बल्कि सिर्फ फर्स्ट डिविजन से पास करें ।



शिक्षा पदाधिकारियों व स्कूल के प्राचार्य संग बैठक करते उप विकास आयुक्त • फोटोन न्यूज

**'खाली दिमाग को खुले दिमाग में बदलें, बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति जगायें' :** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में आत्मविश्वास जगे, पढ़ाई से दूर नहीं भागें, नियमित विद्यालय आएं, परीक्षा में बैठने का डर खत्म हो, बोर्ड परीक्षा के परिणामों में आशातीत सफलता मिले इस दिशा में उप विकास आयुक्त द्वारा जिले में प्रोजेक्ट 'परखः पढाई और खेल' की शुरूआत की गई । उन्होने इस प्रोजेक्ट को लेकर कहा कि अब हर शनिवार को सरकारी विद्यालयों में साप्ताहिक टेस्ट लिया जाएगा जिसका प्रश्न पेपर जिला स्तर पर गठित कुशल शिक्षकों की टीम बनायेगी । उन्होने जिला शिक्षा पदाधिकारी को 50 शिक्षकों का एक पुल बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों के बेस्ट शिक्षकों का नाम प्राचार्य जरूर सुझायेंगे लेकिन शिक्षक अपनी स्वेच्छा से ही जुड़ना चाहें तो इससे जुड़ें, किसी पर कोई दवाब नहीं होगा । प्रारंभिक दौर में इसे 147 उच्च विद्यालयों के कक्षा 9, 10,11 एवं 12 में शुरू किया जाना है हालांकि अगले शनिवार को आयोजित होने वाला साप्ताहिक टेस्ट अभी सिर्फ 10वीं और 12वीं के कक्षाओं के लिए आयोजित होगी। जिलास्तर पर पूरे अभियान का गहन अनुश्रवण किया जाएगा।

उप विकास आयुक्त ने प्रोजेक्ट 'परखः पढ़ाई और खेल' के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसमें अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। साप्ताहिक टेस्ट का रिजल्ट अगले सोमवार को देंगे जिसके मार्क्सशीट पर माता-पिता का हस्ताक्षर बच्चे करायेंगे। अंगूठा लगाने वाले माता-पिता को भी इस प्रोजेक्ट के तहत हस्ताक्षर करना सिखाया जाएगा । खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उनकी गलतियों से अवगत कराते हुए अच्छा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं, अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्कूल के सुबह के प्रार्थना के समय विद्यालय स्तर से सम्मानित किया जाएगा । इस मौके पर उनके माता-पिता को भी आमंत्रित करेंगे । 15 अगस्त तक अच्छा प्रदर्शन करने वाले बेस्ट 20 स्कूल तथा उनके बच्चों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

**विद्यालय परिसर को रखें साफ-स्वच्छ, परिसर में करें पौधारोपण :** उप विकास आयुक्त ने कहा कि बच्चे जब विद्यालय परिसर में आएं तो वहां के वातावरण से भी उन्हें कुछ न कुछ सीख मिले । विद्यालय परिसर को साफ-स्वच्छ रखें तथा प्राचार्य एवं शिक्षक कम से कम एक-एक पौधा जरूर लगायें। बच्चों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करें। बच्चों के शारीरिक, मानसिक प्रगति का ध्यान रखते हुए खेलकूद की गतिविधि से भी जोड़ें। बच्चों में नैतिक मूल्यों का भी ज्ञान हो, परिवार, समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें इस दिशा में उनके नींव मजबूत करने की दिशा में कार्य करें । विद्यालय सिर्फ अटेंडेंस बनाने की जगह मात्र बनकर नहीं रह जाएं बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण का प्रयास करें ताकि बच्चे कल कुछ उपलब्धि हासिल करें तो आप शिक्षकों का योगदान भी वे नहीं भूलें ।

# मैथली परिषद का पुनर्गठन, अशोक बनाये गये अध्यक्ष

## मैथिली पुस्तक का हुआ लोकार्पण, कवि सम्मेलन के साथ परिषद का हुआ पुनर्गठन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद का 31 वां स्थापना दिवस एग्रिको स्थित सुमन मेमोरियल ट्रस्ट सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मैथिली साहित्यकार मंच एवं अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद जमशेदपुर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस अवसर पर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा संपादित पुस्तक 'एकसँ एक्कैस' का लोकार्पण किया गया। पुस्तक के समीक्षा वक्तव्य में शिव कुमार झा टिल्लू ने कहा कि मैथिली में 112 पुस्तकों के रचयिता व साहित्य अकादमी सम्मान से सम्मानित जगदीश प्रसाद मंडल की 1000 से अधिक कथाएं प्रकाशित हैं। उनमें से सर्वाधिक चर्चित 21 कथाओं को इस पुस्तक में संग्रहित



पुस्तक का लोकार्पण करते मैथिली साहित्यकार मंच व अन्य • फोटोन न्यूज

किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण, खेतिहर वर्ग के लेखक इन कथाओं को संग्रहित कर मैथिली पाठकों के बीच लाकर डॉ चौधरी ने सराहनीय कार्य किया है।

**अशोक दास अध्यक्ष एवं विपिन झा बने महासचिव :** समारोह में पुस्तक लोकार्पण के बाद अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, जमशेदपुर की नई कमेटी की औपचारिक घोषणा की गई। अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.धनाकर ठाकुर द्वारा घोषित सूची को पढ़ प्रस्तुत किया गया। इसमें अशोक कुमार दास को अध्यक्ष, कमल कांत झा एवं अगम कुमार झा को उपाध्यक्ष, विपिन झा को महासचिव तथा कृष्णा कामत को सचिव बनाया गया। पुनर्गठित कमेटी के सभी नव चयनित अधिकारियों को माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मैथिली साहित्यकार मंच के अध्यक्ष डॉ अशोक अविचल ने किया। स्वागत भाषण अशोक कुमार दास ने किया। पंकज कुमार झा ने परिषद के कार्यकलाप का विवरण प्रस्तुत किया। सुमन मेमोरियल ट्रस्ट के निदेशक व समाजसेवी एमसी मधुकर ने समारोह की महत्व पर प्रकाश डाला। नीलांबर चौधरी ने भगवती वंदना प्रस्तुत किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन मैथिली साहित्यकार मंच के महासचिव डा.रवीन्द्र कुमार चौधरी ने करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद की स्थापना 20 जून 1993 को रांची के मेकन हॉस्पिटल में प्रसिद्ध चिकित्सक रहे डा.धनाकर ठाकुर द्वारा किया गया था। वर्तमान में इस परिषद का विस्तार पूरे भारत एवं नेपाल में है।

**कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन :** कार्यक्रम में अशोक अविचल की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन में श्यामल सुमन, शिवकुमार टिल्लू, कुसुम ठाकुर, अरुणा झा, रूपम झा, नूतन झा, अशोक पाठक स्नेही, विवेकानंद झा विभु, गोपाल चंद्र झा, नीलांबर चौधरी, विश्व नारायण शिल्पी, गुंजन झा ने श्रोताओं को खूब झुमाया। कवि सम्मेलन का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन डा रवीन्द्र कुमार चौधरी ने किया। मौके पर मिथिला सांस्कृतिक परिषद, परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी कल्याण समिति, ललित नारायण मिश्र सांस्कारिक एवं सामाजिक कल्याण समिति के अध्यक्ष, महासचिव, पदाधिकारी गण, शहर के गणमान्य मैथिल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# योग के जरिए निरोग रहने का संकल्प, NCC कैडेट ने लिया शिविर में हिस्सा



को-ऑपरेटिव कॉलेज में योग दिवस पर एनसीसी के 37वीं बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर व कैडेट • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एनसीसी के 37 वीं बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल सौरभ मिश्रा एवं एसएम सूबेदार विजय के नेतृत्व में बुधवार की सुबह कोऑपरेटिव कालेज के मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम, जय हो टीम के सदस्य, आर्मी एनसीसी के लगभग 800 कैडेटों (एसडी एवं एसडब्लू) ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अमर सिंह उपस्थित थे। इसके अलावे कई स्कूल एवं कालेज के एएनओ शामिल थे। शिविर में सभी प्रतिभागियों ने अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। योग के प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने वाले विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर ने कैम्प में पूर्व सैनिकों के शामिल होने पर आभार व्यक्त करते हुवे 2014 सितंबर में यूएनओ से इसकी शुरूआत की जानकारी दी। पूरे विश्व मे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिविर को सफल बनाने में एनसीसी के स्टाफ के अलावा वेटरन्स सुशील कुमार सिंह डॉ.कमल शुक्ला, दिनेश सिंह, रमेश शर्मा, देवेंद्र सिंह, गोविंद राय, राजेश कुमार, अजय केशरी, बीके त्रिपाठी, देवेंद्र त्रिपाठी, जयदीप दास, सुरेंद्र मौर्या, विवेक कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, देवानंद सिंह, अनिल मौर्या, महेश कुमार, सुभाष चंद्रा, महेश कुमार, महेश जोशी, सपत्नी शामिल थे।

### एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में योग दिवस का आयोजन



एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा संकाय के सत्र 2021-23 एवं 2022-24 के छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम कॉलेज की निदेशक अनुपा सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके उपरांत कार्यक्रम के संचालक योगाचार्य राजेश्वर सर के द्वारा योग से होने वाले फायदे एवं विभिन्न प्रकार के योग जैसे कपाल-भारती, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, सिरसासन एवं अन्य प्रकार के योग कराए गए।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज की सोनारी शाखा में 7 दिवसीय योग व मेडिटेशन शिविर की हुई शुरूआत

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मरीन ड्राइव, सोनारी स्थित शाखा यूनिवर्सल पीस पैलेस में सात दिवसीय योग व मेडिटेशन शिविर शुरू हुआ।

शिविर की शुरूआत डॉ.पीपी चावला, बीके डॉ.राजेश, बीके डॉ.पीयूष, बीके अंजू दीदी, संजय, डॉ.देवनाथ तथा संगीता बहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की. शिविर में प्रशिक्षित योग शिक्षक डॉ. बीके राजेश ने प्राचीन भारतीय योगा पद्धति द्वारा अपने शरीर को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रखने के उपाय बताई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में 15 मिनट मेडिटेशन कमेंट्री द्वारा मन की एक्सरसाइज कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित डॉ पीपी चावला ने बताया कि भारतीय प्राचीन योग की महिमा बखान करते हुए कहा कि हम बहुत भाग्यशाली है कि हमारे प्रधानमंत्री संगठित तौर पर इस योग को बढ़ावा दे रहे है। उन्होंने कहा कि हम सभी को भी एक जागरूक भारतीय नागरिक होने के नाते अपनी भारतीय स्वस्थ जीवन शैली का अनुसरण करना चाहिए।

बीके अंजू दीदी ने स्वस्थ शरीर के लिए योग तथा स्वस्थ मन के लिए राजयोग मेडिटेशन की महत्ता बताते हुए दोनों योग को करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि शिविर 27 जून 2023 तक प्रतिदिन सुबह 5:30 से 7:30 बजे तक चलेगा।



योग दिवस पर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि • फोटोन न्यूज




सात दिवसीय योग व मेडिटेशन शिविर में उपस्थित लोग • फोटोन न्यूज

# बिपरजॉय : धीरोदात्त नायक के रूप में उभरे पीएम मोदी

भारत में प्रायः हर साल चक्रवात तूफान आते रहते हैं चाहे अरब सागर में हों या बंगाल की खाड़ी में। आम तौर पर चक्रवात कम दबाव वाले क्षेत्र के आसपास वायुमंडलीय गड़बड़ी से उत्पन्न होते हैं। चक्रवातों के बाद आमतौर पर भयंकर तूफान और खराब मौसम आते हैं। यदि हम पिछले 2 से 3 दशक की घटनाओं पर नजर डालें तो भारत को जिन-जिन खतरनाक तूफानों का सामना करना पड़ा, उसमें जान-माल की हानि के साथ बड़ी संख्या में जनहानि भी उठानी पड़ी। इसके विपरीत हाल ही में गुजरात में आये चक्रवात बिपरजॉय की सूचना मिलने पर केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा एहतियातन की गई तैयारियों ने कम से कम जनहानि को तो बचा लिया। आपदाओं में घर के जो मुखिया जिस सतर्कता, धीरज, विवेक और गंभीरता का परिचय देकर संकट की भयावहता को शून्य करने में सफल होते हैं, वही इतिहास में धीरोदात्त नायक के रूप में स्थापित होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले नौ सालों के कार्यकाल में यह बार-बार सिद्ध हो चुका है कि वे किसी भी संकट से देशवासियों की प्राण-रक्षा के लिए आपदा में धैर्य नहीं खोते और सुविचारित रणनीतियों के साथ मुकाबला करते हैं; चाहे वह चक्रवात हो, अन्यस प्राकृतिक संकट हों या अतिवृष्टि और बाढ़, देश की सुरक्षा और अखंडता को कोई खतरा हो या कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी हो। अपनी कार्य-योजनाओं से वे जनहानि और अन्य नुकसान की रोकथाम का बेहतर प्रबंधन करने में कामयाब रहे हैं। हालिया चक्रवात बिपरजॉय से निपटने में भी प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन और रणनीतियां कारगर सिद्ध हुईं। उन्होंने बिपरजॉय के संकट से निपटने के लिए शासनिक और प्रशासनिक मशीनरी को समय पूर्व सजग किया। स्वयं, केंद्र और गुजरात की एजेंसियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर चक्रवात के प्रभावी क्षेत्र के रहवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुमचाना और बिजली, पानी, स्वास्थ्य और दूरसंचार जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं के रख-रखाव को सुनिश्चित किया। प्रधानमंत्री ने पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित की, जो उनकी संवेदनशीलता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री के निदेशों का परिणाम ही रहा कि चक्रवात से निबटने की तैयारियों के अहम अंग नियंत्रण कक्षों ने दिन-रात कार्य किया और कर रहे हैं। पिछले लगभग एक दशक में भारत के विभिन्न क्षेत्र में आये चक्रवातों से जनहानि को रोकने के भरपूर प्रयास हुए हैं। कुछ खतरनाक चक्रवातों में जनहानि भी हुई। लेकिन बिपरजॉय चक्रवात से निपटने के लिये जो अग्रिम व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई उसमें जन-सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखा गया। जैसा कि मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक भारत के कई राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश भी हो सकती थी। इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रभावी कार्य-योजना बनाकर संबंधित राज्यों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये। मेरा मानना है कि इन तमाम व्यवस्थाओं के चलते बिपरजॉय के प्रभाव से होने वाली जनहानि को रोका जा सका। जैसा कि हम जानते हैं कि भारत में लगभग 58 प्रतिशत भू-भाग सामान्य से लेकर बहुत अधिक तीव्रता वाला भूकंप संभावित क्षेत्र है और 40 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र यानी देश के 12 प्रतिशत भू-भाग में बाढ़ की संभावना बनी रहती है। हमारे यहां 7516 किलोमीटर तक तटीय क्षेत्र में लगभग 5700 किलोमीटर क्षेत्र चक्रवात और सुनामी संभावित क्षेत्र है। प्रधानमंत्री ने इन सब बातों का ख्याल रखते हुए ही आपदा प्रबंधन की रणनीतियों पर बहुत ध्यान दिया है ताकि आपदा से प्रभावित होने वाले गरीब लोगों को जान-माल का नुकसान न हो। प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा प्रबंधन की जो रणनीति अपनाई है उसमें पहला और सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है आपदा के पूर्व प्रबंधन और तैयारी। इसके बाद भी आपदा घटित हो और तैयारियां नाकाफी साबित हों और आपदा से नुकसान हो जाए तो पुनर्वास की पूरी तैयारी। पुनर्वास के बाद पुनर्निर्माण और सामान्य स्थिति की बहाली। प्रधानमंत्री ने इन सभी बिन्दुओं को एक साथ अपनी प्रबंधन रणनीति में पिरोया है। उनके प्रयासों से आज हमारे देश में आपदा प्रबंधन अनिवार्य रूप से विकास की प्रक्रिया में शामिल है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी मंत्रालयों की भूमिका को और ज्यादा सुदृढ़ बनाया है। परमाणु ऊर्जा, नागरिक उड्डयन, भू-विज्ञान, पर्यावरण एवं वन, गृह, स्वास्थ्य, रेल, अंतरिक्ष और जल संसाधन जैसे मंत्रालयों को उन्होंने आपदाओं के प्रबंधन की तैयारियों से जोड़े रखा है। प्रधानमंत्री ने आपदाओं के पूवार्नुमान और चेतावनी देने वाली प्रणालियों को आधुनिकतम बनाने और नवीनतम प्रणालियों के उपयोग करने पर भी जोर दिया है, जिससे सभी संबंधित एजेंसियां अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए आपदाओं के पूवार्नुमान के प्रति सचेत रहती है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन, पैसिफिक सुनामी चेतावनी प्रणाली और अन्य क्षेत्रीय एवं ग्लोबल संस्थाओं के साथ भी मोदी का निरंतर संपर्क बना रहता है। मैं, मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से अभिनंदन करता हूं, जिनकी दूरदृष्टि और प्रभावी रणनीति से देशवासियों को सुरक्षा कवच के साथ सुख-समृद्धि का साथ भी मिला है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नौ वर्ष : सांस्कृतिक गौरव प्रतिष्ठा का महापर्व

ANALYSIS



✍ शिवप्रकाश

**नौ वर्षों की कालावधि में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की सफलताएं अतुलनीय हैं। गरीबों के कल्याण की अनेक योजनाएं, विकसित होता विश्वस्तरीय ढांचागत विकास , अंतर्बाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति एवं विश्व में भारत के सम्मान जैसे अनेक क्षेत्रों में सभी मंत्रालयों ने कीर्तिमान बनाया है। नई शिक्षा नीति को लागू करना, विदेशों में फँसे भारतीयों को सुरक्षित वापस स्वदेश लाना जैसे सभी उपक्रमों ने प्रत्येक भारतीय के मस्तक को ऊँचा करने का कार्य किया है। आर्थिक प्रगति के आधार के साथ साथ नौ वर्ष का यह कालखण्ड भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के रूप में इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। जब विदेशी आक्रान्ताओं ने भारत पर आक्रमण कर भारत को पददलित करने का घृणित कार्य किया था, आस्था एवं श्रद्धा के स्थानों को खंडित किया तब भारत की आत्मा चीत्कार उठी थी। ऐसे समय में भारत के स्वाभिमान को जागृत करने, उसका सांस्कृतिक गौरव पुन: प्रतिष्ठित करने का महान कार्य 17वीं शताब्दी में महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने किया था।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी के लाखों कार्यकर्ता विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महाजनसंपर्क अभियान चलाकर इस महापर्व को मना रहे हैं। भाजपा जनसभाओं, प्रतिष्ठित नागरिक संपर्क, प्रबुद्ध एवं व्यापारी सम्मेलन, लाभार्थी संपर्क एवं कार्यकताओं की सक्रियता के लिए अनेक उपक्रम इस एक माह की अवधि में ले रही है। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेशों के मा. मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित सभी सांसद, विधायक इस महाजनसम्पर्क अभियान की सफलता के लिए सक्रिय हैं।



नौ वर्षों की कालावधि में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की सफलताएं अतुलनीय हैं। गरीबों के कल्याण की अनेक योजनाएं, विकसित होता विश्वस्तरीय ढांचागत विकास , अंतर्बाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति एवं विश्व में भारत के सम्मान जैसे अनेक क्षेत्रों में सभी मंत्रालयों ने कीर्तिमान बनाया है। नई शिक्षा नीति को लागू करना, विदेशों में फँसे भारतीयों को सुरक्षित वापस स्वदेश लाना जैसे सभी उपक्रमों ने प्रत्येक भारतीय के मस्तक को ऊँचा करने का कार्य किया है। आर्थिक प्रगति के आधार के साथ साथ नौ वर्ष का यह कालखण्ड भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के रूप में इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। जब विदेशी आक्रान्ताओं ने भारत पर आक्रमण कर भारत को पददलित करने का घृणित कार्य किया था, आस्था एवं श्रद्धा के स्थानों को खंडित किया तब भारत की आत्मा चीत्कार उठी थी। ऐसे समय में भारत के स्वाभिमान को जागृत करने, उसका सांस्कृतिक गौरव पुनः प्रतिष्ठित करने का महान कार्य 17वीं शताब्दी में महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने किया था। भारत के सभी प्रसिद्ध तीर्थों पर मंदिर निर्माण, नदी किनारे घाट, यात्रियों के लिए कुएं एवं प्याऊ, मंदिरों में विद्वानों की नियुक्ति, शास्त्रों के अध्ययन की व्यवस्था आदि कार्य इस दिशा में उनकी अनुकरणीय पहल थी। भगवान केदारनाथ, काशी विश्वनाथ मंदिर जैसे अनेक स्थान आज भी उनकी गौरव गाथाएं कह रहे हैं। उसी प्रकार स्वतंत्रता के पश्चात गुजरात के सोमनाथ मंदिर के समान सभी गुलामी के प्रतीकों से भारत मुक्त होना चाहिए था। लेकिन तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भारतीय स्वाभिमान को कुचलने का कार्य ही चलता रहा। हिन्दू स्वाभिमान को कुचलना एवं अल्पसंख्यक तुष्टिकरण ही धर्मनिरपेक्षता की पहचान बन गया। प्रधानमंत्री मोदी ने पक्षपात रहित विकास के साथ साथ भारत के सांस्कृतिक गौरव को भी पुनर्प्रतिष्ठित करने का महान कार्य किया है, जो कि 17वीं शताब्दी के बाद इतिहास में महारानी अहिल्याबाई के समान है। उनका नाम भी गौरव के साथ लिया जायेगा। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर अपने भव्य स्वरुप में बनकर तैयार हो रहा है। शीघ्र ही प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वहां होगी । केवल मंदिर ही नहीं समस्त अयोध्या ही सम्पूर्ण विश्व के लिए पवित्र एवं दर्शनीय हो रही है। भगवान विश्वनाथ की नगरी में काशीनाथ लोक अपनी भव्यता का वर्णन कर रहा है। मंदिर प्रांगण से माँ गंगा के भव्य दृश्य का अवलोकन मनमोहक हो गया है। हिमालय स्थित केदारपुरी के दर्शन जीवन की सत्यता का आभास कराते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा देश की एकात्मता का दर्शन कराती है। वहाँ पर गुफा पवित्र स्थल हो गयी है। उज्जैन स्थित महाकाल लोक ने तीर्थ यात्रियों के समस्त पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त करके अपनी भव्यता का नया कीर्तिमान बनाया है। आदि जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित 2400 वर्ष पुराना शारदा पीठ जो नियंत्रण रेखा के निकट कुपवाड़ा जिले में स्थित है, वहाँ 70 वर्षों के बाद माँ शारदा मंदिर के कपाट खुलकर पूजा प्रारंभ हो गई है। गुजरात के पावागढ़ में स्थित महाकाली मंदिर में 500 वर्षों बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धर्म ध्वजा को लहराया। कावड़ यात्रा पर पुष्प वर्षा, कुम्भ मेले की भव्यता, अमरनाथ यात्रा की संपूर्ण सुरक्षा सभी तीर्थ यात्रियों में विश्वास का निर्माण कर रहे हैं। शंकराचार्य जी की स्मृति में मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर का अद्वैत केंद्र भव्य आकार लेने की ओर अग्रसर है। अपने वैश्विक प्रवास में भी प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के तोजी बौद्ध मंदिर, किनकाकु मंदिर, मॉरीशस के शिव मंदिर, लंका के नागुलेश्वम मंदिर, महाबोधि मंदिर, कनाडा के प्रसिद्ध लक्ष्मी नारायण मंदिर, गुरुद्वारा खालसा दीवान, बांग्लादेश के दक्षिणेश्वर मंदिर, म्यामार के आनंद मंदिर, नेपाल में पशुपतिनाथ में चन्दन की लकड़ी का भेंट एवं जनकपुर में जगतजननी माँ सीता के मंदिर के दर्शन, ओमान एवं मस्कट के प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन किए। दुबई में मंदिर निर्माण को उन्होंने दो देशों के मध्य सद्भाव सेतु का कार्य करने वाला बताया। अफगानिस्तान से पवित्र गुरु ग्रन्थ साहिब की सुरक्षित वापसी के प्रयासों ने विश्व भर में फैले सिख समाज में अपने सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था व्यक्त की है। विश्व भर से आए राजनयिकों को कर्म की प्रेरणा देने वाली गीता देकर स्वागत सराहनीय प्रयास है। प्रधानमंत्री द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर जनजाति गौरव दिवस की घोषणा, महान संत कबीरदास पुण्य स्थली का दर्शन, संत रविदास के मंदिर में पूजा-अर्चना, पवित्र गुरुद्वारे में मत्था टेकना एवं लंगर वितरण, पंढरपुर में भक्त वेश में उपस्थिति, भगवान महात्मा बुद्ध, महान संत शंकरदेव का पुण्य स्मरण जैसे अनेक प्रयास, देश, धर्म, संस्कृति एवं समाज सुधार के लिए अपना जीवन लगाने वाले महापुरुषों के प्रति सहज ही समाज को प्रेरणा देते हैं। सम्पूर्ण विश्व के कल्याण के लिए देने योग्य अमूल्य धरोहर योग एवं आयुर्वेद की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए भी उनके प्रयास सराहनीय हैं। योग आज सम्पूर्ण विश्व के लिए आकर्षण का विषय है। स्वस्थ एवं सयंमित जीवन का आधार योग बना है। 21 जून योग दिवस सम्पूर्ण विश्व में प्रतिष्ठित हुआ है। एक अनुमान के अनुसार विश्वभर में 30 करोड़ लोग अब योग का अभ्यास करते हैं। वेलनेस एवं फिटनेस सेक्टर में आई तेजी का कारण भी योग ही है। गंगा की पवित्रता के प्रयासों के प्रति सक्रियता, जापान के प्रधानमंत्री द्वारा माँ गंगा की आरती ने सभी गंगा प्रेमियों को गंगा सहित सभी नदियों की स्वच्छता एवं जल के प्रति पवित्र दृष्टि प्रदान की है। भारत की पवित्र नदी गंगा की सेहत सुधारने के उद्देश्य वाली परियोजना दुनियाभर की उन 10 बड़ी महत्वपूर्ण पहलों में से एक है जिसे संयुक्त राष्ट्र ने प्राकृतिक दुनिया को बहाल करने में उनकी भूमिका के लिए पहचाना है। आयुर्वेद का बजट बढ़ाकर आयुर्वेद की वृद्धि के प्रयास हो रहे हैं। अब हमारा आयुष मंत्रालय का बजट 3050 करोड़ है। विश्व के आठ देशो में 50 से अधिक आयुर्वेदिक उत्पाद रजिस्टर्ड हुए हैं। दुनिया का डब्लूएचओ द्वारा मान्यता प्राप्त पहला केंद्र डब्लूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन जामनगर गुजरात में प्रारंभ हुआ है। भारत से चोरी करके ले जायी गयी भारतीय स्वाभिमान की प्रतीक भारतीय धरोहर को वापसी लाने का प्रयास भी उल्लेखनीय हैं। 1976 से 2013 तक कुल 13 वस्तुएं वापस आयी थीं. जबकि 2014 के उपरांत अब तक 235 भारतीय धरोहर की प्रतीक वस्तुओं की वापसी हुई है। यह विश्व भर में बढ़ते भारत के प्रभाव का लक्षण है। सेंगोल की संसद में प्रतिष्ठा ने प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित किया है।

**(लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं)**

# यह गीता प्रेस का ही नहीं, सनातन संस्कृति का भी सम्मान है

न केवल भारत वरन संपूर्ण विश्व में सनातन हिंदू संस्कृति का साहित्य के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने वाली संस्था गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार मिलना हिंदू सनातन संस्कृति व साहित्य के लिए गर्व और हिंदू समाज के लिए आनंद की अनुभूति का समय है। जरा सोचिए कि अगर गीता प्रेस न होता तो आज हिंदू सनातन संस्कृति व परम्परा का क्या हाल हो रहा होता? एक विदेशी डाक्टर ए.ओ. हयूम तथा अंग्रेज मैकाले की शिक्षा के कुप्रभाव को रोकने में अगर जिसने अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वह गीता प्रेस ही है। आज संपूर्ण विश्व में हिंदू सनातन संस्कृति की जो जयकार होती है उसमें गीता प्रेस की बड़ी भूमिका है। संभवतः यही कारण है कि आज कांग्रेस गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिये जाने की आलोचना कर रही है। गीता प्रेस हिंदू धार्मिक ग्रंथों का विश्व का सबसे बड़ा प्रकाशक है। आज हर घर तक गीता, रामायण, महाभारत सहित चार वेद और 18 पुराण तथा गोस्वामी तुलसीदास रचित समस्त साहित्य को बेहद सस्ती दरों में पहुंचाने का श्रेय यदि किसी को जाता है तो वह गीता प्रेस है। गीता प्रेस को सम्मान मिलना संस्थापक जयदाल जी गोयन्दका व हनुमान प्रसाद पोद्दार जी जैसे महान संतों का भी सम्मान है। गीता प्रेस का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के सिद्धांतों, गीता,रामायण, उपनिषद, पुराण, संतों के प्रवचन और अन्य चरित्र निर्माण की पुस्तकों और पत्रिकाओं का प्रकाशन तथा अत्यंत सूक्ष्म मूल्य पर विपणन करके इनको आम जन के लिए सुलभ कराना है।-गीताप्रेस कार्यालय गोरखपुर में स्थित है जो भी लोग गोरखपुर भ्रमण के लिए जाते है वे गीताप्रेस अवश्य जाते हैं और सत साहित्य खरीद कर लाते हैं। गीता प्रेस की स्थापना 1923 में महान गीता मर्मज्ञ जयदयाल गोयन्दका के कर कमलों से हुई थी। यह संस्था भगवत्कृपा से सत साहित्य का उत्तरोत्तर प्रचार -प्रसार करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर है। गीता प्रेस ने निःस्वार्थ भाव से सेवा कर्तव्य बोध दायित्व निर्वाह प्रभु निष्ठा प्राणिमात्र के कल्याण की भावना और आत्मोद्धार की जो सीख दी है वह सभी के लिए अनुकरणीय बना हुआ है। गीता प्रेस मार्च 2014 तक 58 करोड़ 25 लाख से अधिक पुस्तकें प्रकाशित कर चुका था। यहां पर प्रतिदिन 50 हजार से अधिक पुस्तकें छपती हैं। यहां पर अब तक गीता की 11 करोड़ से अधिक प्रतियां प्रकाशित हो चुकी हैं। गीता प्रेस बच्चों के लिए प्रेरक सत साहित्य का भी प्रकाशन करता है। अब तक 12 करोड़ से भी अधिक भक्त चरित्र और भजन संबंधी पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। कई पुस्तकों के 80- 80 संस्करण तक प्रकाशित हो चुके हैं। गीता प्रेस में गीता का मूल्य एक रुपये से प्रारम्भ होता है और इसी प्रकार हनुमान चालीसा, और सुंदरकांड जैसे ग्रंथ भी मात्र तीन रुपये में ही उपलब्ध हो जाते हैं। यहां की पुस्तकें लागत से 40 से 90 प्रतिशत कम मूल्य पर बेची जाती है। यह एक ऐसा प्रेस है जिसमें किसी जीवित व्यक्ति का चित्र या कोई विज्ञापन नहीं प्रकाशित होता है। यहां कुल 15 भाषाओं हिंदी, संस्कृत,अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, गुजराती, मराठी,बंगला, उड़िया, असमिया, गुरुमुखी, नेपाली और उर्दू में पुस्तकें प्रकाशित होती है। इस प्रकार गीता प्रेस एक भारत श्रेष्ठ भारत का अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा है। गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार उसकी इस भावना को भी दिया गया सम्मान है। गीता प्रेस कल्याण नाम की एक पत्रिका प्रकाशित करता है जिसका एक विशेषांक हर वर्ष के प्रथम या द्वितीय माह तक उपलब्ध हो जाता है और विशेषांक लेने वाले प्रत्येक ग्राहक को यह पत्रिका पूरे वर्ष निशुल्क मिलती रहती है । कल्याण का हर विशेषांक संग्रहणीय होता है । कल्याण विश्व की एकमात्र ऐसी पत्रिका है जो बिना किसी विज्ञापन के अनवरत प्रकाशित हो रही है। कल्याण सनातनी हिंदू समाज की लोकप्रिय पत्रिका है। यह पत्रिका शान्ति और मानवता का संदेश देती है। भारत के तथाकथित वामपंथी इतिहासकारों ने हिंदू देवी देवताओं व संत समाज की जो विकृत तस्वीर आम जनमानस के समक्ष प्रस्तुत की है गीताप्रेस का साहित्य उनके सभी षड्यंत्रों को विफल करता है। गीताप्रेस के संस्थापक जयदयाल जी गोयन्दका का कथन है कि मनुष्य को सदा सर्वत्र उत्तम से उत्तम कार्य करते रहना चाहिए। मन से भगवान का चिंतन, वाणी से भगवान के नाम का जप, शरीर से जगज्जनार्दन की निःस्वार्थ सेवा यही उत्तम से उत्तम कार्य है। पुरस्कार पर विकृत राजनीति अच्छी बात नहीं। गीता प्रेस का इतिहास साक्षी है कि उसने अभी तक किसी प्रकार कोई भी सम्मान नहीं लिया है । पुरस्कार की घोषणा पर गीता प्रेस ने अपनी परम्पराओं का हवाला देते हुए कहा है कि वह इस बार पुरस्कार तो ग्रहण करेगा लेकिन एक करोड़ की धनराशि स्वीकार नहीं करेगा। प्रेस की बोर्ड बैठक में तय हुआ है कि गांधी शान्ति पुरस्कार के रूप में धनराशि को छोड़कर व प्रशस्ति पत्र, पट्टिका और हस्तकला, हथकरघा की कलाकृति स्वीकार की जाएगी इससे भारत सरकार और गीता प्रेस दोनों का सम्मान होगा। गीता प्रेस के इस अत्यंत उदार व्यवहार के बाद भी कांग्रेस इसकी तुलना गोडसे को सम्मान मिलने से करके अपनी ओछी और विकृत मानसिकता का परिचय दे रही है। इस सन्दर्भ में कांग्रेस नेता जयराम रमेश का ट्वीट आने के बाद सोशल मीडिया पर कांग्रेस की खूब आलोचना हो रही है। जनमत कह रहा है कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। एक यूजर ने लिखा जब कभी भविष्य में भारत में कांग्रेस की वर्तमान राजनीतिक दुर्गति पर शोध ग्रंथ लिखे जायेंगे तब उसमें जयराम रमेश जैसे स्वनामधन्य नेताओं के योगदान पर पूरा चैप्टर होगा। मोर कैथोलिक देन द पोप शिरोमणि जो वैयक्तिक रूप से एक म्युनिसीपैलिटी का चुनाव जीतने की भी हैसियत नहीं रखते। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले और नेहरू खानदान के प्रति वफादारी दिखाने वाले नेता सनातन हिंदू परम्पराओं व उसका विकास करने वाली संस्था को गांधी शांति पुरस्कार मिलने से नफरत से भर उठे हैं।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



प्रमुख थिंक टैंक से जुड़े लोगों के एक समूह से मुलाकात की। हमने नीति निर्माण के विभिन्न पहलुओं और उभरती वैश्विक प्रवृत्तियों के बारे में बात की। भारत में सकारात्मक बदलावों पर जोर दिया और बताया कि कैसे वे हमारे युवाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को बधाई! योग हमारी सभ्यता की महान उपलब्धियों में से एक है, और पूरे विश्व के लिए भारत की एक महान सौगात है। योग, शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित करता है। योग, जीवन के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण है। योग हमारे जीवन में बढ़ती चुनौतियों का सामना करने के लिए हम सभी को और अधिक सक्षम बनाता है। आज के दिन, मैं सभी लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने और इसकी परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव करने का आग्रह करती हूं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**

# योग से होगा सेहतमंद भारत का निर्माण

भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है- योगः कर्मसु कौशलम यानी हमारे कर्मों में सर्वश्रेष्ठ योग है। योग यज्ञ है और यज्ञ कर्म है। योग जीवात्मा और परमेश्वर के मिलन का साधन मात्र ही नहीं बल्कि ईश साधना का भी साध्य भी है। योगेश्वर भगवान कृष्ण ने योग को सर्वोपरि बताया है। उन्होंने कहा है कि ह्ययोगस्थः कुरु कर्माणिह्न इसका तात्पर्य है कि योग में स्थिर होकर ही सद्चित कर्म संभव है। गीता का छठवां अध्याय योग को समर्पित है। योग हमारा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक ज्ञान है। योग की सार्थकता को दुनिया के कई धर्मों ने स्वीकार किया है। योग सिर्फ व्यायाम का नाम नहीं है बल्कि मन, मस्तिष्क, शारीरिक और विकारों को नियंत्रित करने का माध्यम भी है। जब समाज अच्छा होगा तो देश की प्रगति में हमारा अहम योगदान होगा। आज पूरी दुनिया योग और प्राणायाम की तरफ बढ़ रही है। योग भारत के लिए आने वाले दिनों में बड़ा बाजार साबित हो सकता है। विश्व के लगभग 200 से अधिक देश भारत की इस गौरवशाली वैदिक परंपरा का अनुसरण कर रहे हैं। योग को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है। कोरोना संक्रमण काल में भी योग हमारे लिए संजीवनी साबित हो रहा है। हम योग को अपना कर इस महामारी में भी अपने स्वस्थ रख सकते हैं। भारत में योग की परंपरा 5000 हजार साल पुरानी है। 11 दिसम्बर, 2014 को इसका प्रस्ताव भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दिया था। अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 177 देशों ने भारत के पक्ष में वोट किया था, जिसके बाद भारत दुनिया का विश्वगुरु बन गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 90 दिनों के भीतर प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव को मंजूर किया। हम योग के 21 आसनों को अपनाकर अपनी जिंदगी को सुखी, शांत और निरोगी बनाकर खुशहाल जीवन जी सकते हैं। जब हम तन और मन से स्वस्थ रहेंगे तो राष्ट्र निर्माण और उसके विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। योगगुरु बाबा रामदेव योग को वैश्विक मान्यता मिलने पर इसे भारत की जीत बताया था। दुनिया ने योग को अपने जीवन की दिनचर्या बना लिया है। योग संपूर्ण जीवन का आधार और चिकित्सा पद्धति बन गया है। दुनिया में शांति युद्ध से नहीं योग से आएगी। भारत के साथ दुनिया में 20 करोड़ से अधिक लोग योग साधना का लाभ उठा रहे हैं। आधुनिक युग की व्यस्त दिनचर्या में योग हमारे लिए अमृत है। अपनी जिंदगी को खुशहाल और डिप्रेशन मुक्त बनाने के लिए योग हमें खुला आकाश देता है। हम धर्म, जाति, भाषा, संप्रदाय के साथ बंधकर स्वयं के साथ देश का अहित करेंगे। योग शास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। योगशास्त्र का इतिहास गौरवशाली उपलब्धि से अटा पड़ा है। हमारे यहां लययोग, राजयोग का भी वर्णन है। चित्त की निरुद्ध अवस्था लययोग में आती है। राजयोग सभी योगों से श्रेष्ठ बताया गया है। महर्षि पतंजलि की योग परंपरा भारत में अधिक समृद्धशाली है। योगगुरु बाबा रामदेव आज पतंजलि योग व्यवस्था के संवाहक बने हैं। दुनिया भर में योग की महत्व स्थापित करने में पतंजलि योग संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।योग और आयुर्वेद को उन्होंने वैश्विक स्वीकारोक्ति बना दिया है। पतंजलि योग साधना के आठ आयाम हैं। जिसमें यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। योग का संबंध सिंधु घाटी सभ्यता से भी है। प्राचीन काल की कई मूर्तियां योग मुद्रा में स्थापित हैं। भगवान शिव को योग मुद्रा में देखा जा सकता है। बुद्ध की मूर्तियां भी योग साधना में स्थापित हैं। बौद्ध और जैनधर्म में भी योग की महत्ता पर काफी कुछ है। बौद्ध और धर्म के अलावा ईसाई और इस्लाम में सूफी संगीत परंपरा में भी योग की बात आई हैं। भारत की योग व्यस्था को पटल पर लाने में योग गुरु बाबा रामदेव और बीकेएस अंयगर के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



शिक्षा विभाग की धीमी गति की कार्यशैली के कारण समय पर काम पूरे नहीं हो पा रहे हैं। तमाम शिक्षक संघों की ओर से बार-बार ज्ञापन सौंपकर तमाम लंबित कार्यों को करने का आग्रह किया जा रहा है। इसके बावजूद विभाग के ढर्रे में कोई परिवर्तन आता नहीं दिख रहा है। शिक्षक संघों की ओर से 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को वरीय वेतनमान में प्रोन्नति देते हुए उनके वेतनमान निर्धारण की प्रक्रिया पूरी करने की मांग की जा रही है। छह माह से प्रक्रिया चल रही है। अभी तक क्रियान्वयन की प्रक्रिया काफी धीमी है। वर्ष 2019 एवं उसके पूर्व शेष माध्यमिक शिक्षकों का जिनकी सेवा लगातार 3 वर्षों तक पूर्ण हो चुकी है उनकी सेवा संपुष्टि के निदेशक माध्यमिक शिक्षा द्वारा काफी पहले ही पत्र जारी किया गया। धीमी गति से प्रक्रिया होने के कारण अभी तक लंबित पड़ा हुआ है। संबंधित शिक्षकों के प्रपत्र कार्यालय में पड़े हुए हैं। सेवा संपुष्टि का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। वहीं, माध्यमिक विद्यालय में वर्षों से कार्यरत लिपिकों एवं आदेशपालों की सेवा संपुष्टि एवं एमएसीपी योजना अंतर्गत प्रोन्नति लंबित पड़ा हुआ है। बहुत ऐसे कर्मी भी हैं जो सेवानिवृत्ति के कगार पर हैं। कार्य पूरा नहीं होने या धीमी गति से होने के पीछे विभाग में मानव बल की कमी सहित अन्य वजहें हो सकती हैं। जरूरत उन वजहों को तत्काल दूर करने की है ताकि सभी काम सुचारूपूर्वक संपादित किए जा सकें।

**दीपक गुप्ता, साइबर सेक्युरिटी एक्सपर्ट।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# कुचाई-खूंटी मार्ग पर बदानी में सवारियों से भरी PICK-UP VAN पलटी, 18 घायल

## शादी समारोह से वापस लौटने के दौरान बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हुई दुर्घटना

**PHOTON NEWS SARAIKELA:** कुचाई-खुंटी मार्ग पर कुचाई प्रखंड के सीमावर्ती रोलाहातु पंचायत के बदानी में सवारियों से भरी पिक-अप वैन पलटने से 18 लोग घायल हो गये। घायलों में अधिकांश बच्चे है। घायलों का उपचार कुचाई सीएचसी में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ये सभी लोग कुचाई के चातमसाह गांव में आयोजित एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। इस दौरान कुचाई के बढ़ानी में सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में पिकऑप वैन पलट गयी। इससे पिक-ऑप वैन में सवार सभी लोग घायल हो गये। सभी घायल कुचाई के गुंटी गांव के रहने वाले है। सभी घायलों को पुनीसीर स्थित सीआरपीएफ कैंप के जवान, कुचाई बीडीओ सुजाता कुजुर व दलभंगा ओपी प्रभारी सन्नी टोप्पो के मदद से कुचाई सीएचसी पहुंचाया गया। कुचाई सीएचसी में डॉ। शिवलाल कुंकल, डॉ पूजा तथा डॉ। सुशील कुमार महतो, नर्स निशा कुमारी, गोविंद महतो तथा स्वरूप कुमार भोल की टीम ने उपचार किया गया। इसमें से मामूली रुप से घायल पांच लोगों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया, जबकि शेष 13 का उपचार कुचाई सीएचसी में चल रहा है।




सीएचसी में चल रहा सड़क दुर्घटना में हुए घायलों का इलाज • फोटोन न्यूज

**दुर्घटना में घायल जिनका सीएचसी में उपचार चल रहा है :** कुचाई के गुंटी गांव के पार्वती कुमारी (8), छोटन सिंह मुंडा (3), सविता कुमारी (10), जोन मुंडा (12), हिसी कुमारी (10), डोमा मुंडा (8), लोंबो कुमारी (7), रविंद्र मुंडा (10), कायरा मुंडा (25)लाल सिंह मुंडा (25), सुकी कुमारी (6), मातकमडीह गांव की सुभद्रा कुमारी (8), मंगल लौहरा (24)

**मामूली रुप से घायल, जिन्हें घर भेज दिया गया :** कुचाई के गुंटी गांव की पार्वती देवी (45), एतवा मुंडा (40), रतन मुंडा (18) व कायरा मुंडा (25)

# योग सभी को एकता में जोड़ने का काम करता है: डॉ.अंजिला



योग दिवस पर वीमेंस यूनिवर्सिटी में कुलपति व अन्य • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार सुबह जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में योगाभ्यास के साथ योग आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता उपस्थित थी। वहीं योगाचार्य शुभाशीष भादुरी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ.राजेंद्र कुमार जयसवाल ने कुलपति को पौधा देकर सम्मानित किया। साथ ही सीवीसी डॉ. अन्नपूर्णा झा ने शुभाशीष भादुरी को पौधा देकर सम्मानित किया।

योग कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ.अंजिला गुप्ता ने योग के महत्व को बताते हुए बताया कि योग एकता का प्रतिक है। उन्होंने पिछले दिन मंगलवार को रथ यात्रा का उदाहरण देते हुए बताया कि 300 टन के रथ को खींचने की जोड़ वाली एकता की शक्ति कल के पवित्र रथयात्रा में दिखी। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि योग सभी प्रकार से हमें जोड़ता है। वो शरीर का मन से जोड़ता है।

उन्होंने आगे बताया कि यूनिवर्सिटी को भी प्रगति की राह पर ले जाने के लिए आपसी मतभेद भुलाकर एक सूत्र और योग के भावना की आवश्यकता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 21 जून को मनाए जाने के संदर्भ को बताते हुए इस दिन के योग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि यह वर्ष का सबसे बड़ा दिन होता है, जब सूर्य दक्षिणायन होते हैं और इस दिन से बीमारियों से ग्रसित होने तथा संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इस कारण योग का महत्व अन्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों में ज्यादा महसूस की जा सकती है ।

**मिली और बीना ने योग नृत्य प्रदर्शित किया और योगाचार्य शुभाशीष भादुरी ने करवाए आसन और प्राणायाम :** कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए योग दिवस के अवसर पर मिली और बीना ने योग नृत्य प्रदर्शित किया। उपस्थित शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने योगाचार्य शुभाशीष भादुरी के मार्गदर्शन में सामान्य आसन और प्राणायाम आयुष मंत्रालय के प्रोटोकोल को पूरा करते हुए किया।

डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक चले योगाभ्यास से सभी लाभान्वित हुए। सभी ने योग के महत्व को समझा और यह संकल्प लिया कि अपने दिनचर्या में योग को जरूर सम्मिलित करेंगे।

# प्रदर्शनी मेला सह नुक्कड़ नाटक कर लोगों को किया जागरूक

**Chaibasa :** पश्चिम सिंहभूम जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेलवाल के निर्देशन पर बुधवार को सदर चाईबासा प्रखंड कार्यालय परिसर में मेला प्रदर्शनी-सह-नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ से संबंधित लोगों को जागरूक किया गया। वहीं मेले में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण आदि के बारे में बताया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से गांव के युवा को रोजगार में कैसे मदद मिलेगा, उसके बारे में भी नुक्कड़ नाटक के दौरान ग्रामीण लोगों को अवगत करवाते हुए पोस्टर पंपलेट,



बैनर का वितरण तथा एलईडी वाहन के माध्यम से योजना आधारित वीडियो प्रदर्शित कर लोगों को प्रेरित किया गया। ग्रामीण ने बड़ी तादाद में नुक्कड़ नाटक में भाग लिया तथा ग्रामीण के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी पारुल सिंह, स्थानीय मुखिया, वार्ड सदस्य, सहिया तथा ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

# कुचियाशोली में वज्रपात से महिला की मौत

**PHOTON NEWS CHAKULIA:** चाकुलिया प्रखंड के कुचियाशोली गांव की कुशमाटी टोला में बुधवार की शाम को खेत में बकरी चरा रही शेफाली बेहरा नामक 35 वर्षीय महिला ( अविवाहित )की मौत हो गई है। लाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया है। जानकारी के मुताबिक शेफाली बेहरा खेत में बकरी चरा रही थी। इसी दौरान बारिश शुरू हो गई और आसमानी बिजली कड़कने लगी, तभी वज्रपात हुआ और वह उसकी चपेट में आकर



वहीं पर गिर पड़ी। 108 एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। लाश को पोस्टमार्टम के लिए 22 जून की सुबह भेजा जाएगा। सूचना विधायक समीर कुमार महंती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे हैं। विधायक ने नगद राशि देकर मृतका के पिता नंद बेहरा की मदद की।

# जन समस्याओं के समाधान को जनता की आवाज बनूंगी : गीता कोड़ा

**PHOTON NEWS CHAIBASA:** सांसद गीता कोड़ा इन दिनों लगातार क्षेत्र भ्रमण और बैठक कर जनता से संवाद कायम कर मूलभूत समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर रही है। इस क्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, गणमान्य लोगो व ग्रामीण मुंडा मानकी से ग्रामीणों की समस्या परंपरागत तरीके से किस प्रकार समाधान हो इस पर विचार विमर्श कर रही है. सांसद गीता कोड़ा ने बुधवार को झींकपानी प्रखंड के गुड़ा, चेडेयापहाडी, ईचापुर, असुरा, हाथीमान्डा, पहाडभंगा, सोनापोसी, रघुनाथपुर का दौरा कर ग्रामीणों की समस्यायों को जाना। कहा समस्यायों का समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने पेयजल से संबंधित कई शिकायत सांसद के सामने रखा। सांसद ने पेयजल पदाधिकारी को संपर्क कर जल्द



ग्रामीणों को संबोधित करतीं सांसद गीता कोड़ा • फोटोन न्यूज

समाधान करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने पारम्परिक ढोल नगाड़ों के साथ सांसद का किया स्वागत। दौरा कार्यक्रम में सांसद के साथ जिला अध्यक्ष चन्द्र शेखर दास, महिला जिलाध्यक्ष नितिमा बारी, झींकपानी प्रखंड अध्यक्ष सिकुर गोप, सदर प्रखंड अध्यक्ष दिकु सवैंयां, टोन्टो प्रखंड अध्यक्ष इस्माइल दास, युथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेश सवैंयां, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ तामसोय, शंकर बिरुली, त्रिशानु राय, महावीर बिरुली, जीतू बारी, हरिश बोदरा, अरमान बालमुचु, घासीराम सतकर्माकर, बिसम मुन्डा, मंडल अध्यक्ष जनार्दन गोप, लोरेंश बालमुचु, सनातन बालमुचू, बहादुर मुन्दुईया, रुपेश पान, मुन्डा सिदिऊ बुडीऊली, पुरुषोत्तम बिरुली , पंचायत समिति सदस्य राधी बुढीऊली, कुदीया खालखो, सेलाय बिरुली, मंगल बिरुली, सतारी बिरुली, मानकी शिवशंकर सवैंयां, सुभाष सवैंयां, कमल सवैंयां, नरेश सवैंया, आदि एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

# खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने किया 9.35 करोड़ की पांच योजनाओं का शिलान्यास

## दितसाही में बनेगा आवासीय विद्यालय, कुचाई-बडाबांबो सड़क की राइडिंग क्वालिटी में होगा सुधार

**PHOTON NEWS SARAIKELA:** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने करीब 9.35 करोड़ की लागत से पांच विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने खरसावां के दितसाही में 2.23 कोरड की लागत से नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके अलावे पथ निर्माण विभाग की ओर से खरसावां के कुचाई-खमारडीह से बडाबांबो तक के सड़क की राउंडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य का शिलान्यास किया। सात करोड़ तीन लाख 72 हजार की लागत से उक्त सड़क के राइडिंग क्वालिटी में सुधार का कार्य किया जायेगा। यह कार्य अगले चार माह के भीतर पूरा कर लिया जायेगा। इसके अलावे विधायक फंड के



शिलान्यास करते विधायक दशरथ गागराई व अन्य • फोटोन न्यूज

3.5 लाख की लागत से दितसाही में एक सौ फीट के पीसीसी सड़क व साइकिल स्टैंड तथा 4.80 लाख की लागत से खरसावां के टुनियाबाडी में श्मशान सेड़ का शिलान्यास किया।

**क्षेत्र का हो रहा है चहुमुखी विकास, पूरे हो रहे है जनता से किये वायदे : गागराई**

इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि क्षेत्र के विकास को लेकर पूरी तरह से सचेत है। सड़क, शिक्षा, बिजली, पानी समेत हर क्षेत्र में कार्य हो रहे है। क्षेत्र में आधारभूत सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है। त्वरित गति से विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। परंतु कुछ लोग बेतुका बातें कर भ्रम फैला रहे है। साथ ही क्षेत्र के विकास को प्रभावित करने का प्रयास कर रहें। ऐसे लोग अपने मंसुबों पर कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में खरसावां को अग्रिम पंक्ति पर ला कर खड़ा करना है। जनता से किये एक एक कर सभी वायदें पूरे हो रहे है। राज्य सरकार जनता के सपनों को साकार कर रही है। उन्होंने लोगों से भी क्षेत्र के विकास के लिये सुझाव देने की अपील की। मौके पर मुख्य रुप से जिप सदस्य कालीचरण बानरा, विधायक प्रतिनिधि नायडू गोप, स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि कुंवर अनूप सिंहदेव, धनु मुखी, अमर सिंह हांसदा, रानी हेंब्रम, अरुण जामुदा, कृष्ण चंद्र प्रधान, संजु हाईबुरु, सानगी हेंब्रम, मुन्ना मोहंती, सुनील साहू समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**कुचाई-खमारडीह से बडाबांबो तक का सफर होगा सुहाना, चकाचक होगी सड़क :** खरसावां : खरसावां के कुचाई-खमारडीह चौक से बडाबांबो चौक तक का सफर ओर भी सुहाना होगा। पथ निर्माण विभाग से करीब 7.03 करोड़ खर्च कर कुचाई-खमारडीह चौक से बडाबांबो चौक तक राइडिंग क्वालिटी में सुधार सह सड़क का सौंदर्यीकरण कार्य किया जायेगा। यह कार्य अगले चार माह में पूर्ण कर दिया जायेगा। इससे क्षेत्र के बड़ी आवादी को आवागमन में सुविधा होगी। बडाबांबो क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग प्रखंड मुख्यालय खरसावां जाने के लिये इस सड़क से आवागमन करते है।

# YOG को धैर्य और दृढ़ता के साथ करना चाहिए : वित्त सलाहकार



**PHOTON NEWS CHAIBASA:** कोल्हान विश्वविद्यालय एनएसएस की ओर से बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केयू के पदाधिकारियों ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मौजूद केयू के वित्तीय सलाहकार रमेश कुमार वर्मा ने योग संबंधी संपूर्ण जानकारी दी।

कहा कि योग आदिकाल से भारतवर्ष में मनाया जाता रहा है। पहले यह ऋषि मुनियों के द्वारा मनाए जाने वाला यह क्रिया था। मगर यह आज जन-जन तक क्रियांवित है। योग हमें निरोध रखता है। इस दौरान श्री वर्मा ने योग की शुरूआत करने के लिए कुछ सुझाव भी दिए। कहा कि योगाभ्यास को धैर्य और दृढ़ता के साथ करना चाहिए। अगर शरीर में लचीलापन कम है तो शुरूआत में अधिकतर आसन करने में कठिनाई हो सकती है। अगर आप पहले पहले आसान ठीक से नहीं कर पा रहे हैं तो चिंता ना करें। सभी आसान दोहराव के साथ आसान हो जाएंगे। जिन मांसपेशियों और जोड़ों में खिंचाव कम है वह सब धीरे धीरे लचीले हो जाएंगे। अपने शरीर के साथ कभी भी जल्दबाजी या जबरदस्ती बिल्कुल ना करें। शुरूआत में आप वहीं आसन कर सकते हैं जो आप आसानी से कर पायें। वहीं डा। संजय कुमार गोराई ने कहा कि योगाभ्यास शुरू करने से पहले अपनी मानसिक स्थिति को ठीक कर लेना चाहिए। योग आसन हमेशा मन को शांतिपूर्ण अवस्था में रख कर किए जाने चाहिए। शांति और स्थिरता के विचार से किया गया योग संपूर्ण लाभदायक होता है।

## विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी किया योगाभ्यास




स्थानीय सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या सुश्री रेखा कुमारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतवर्ष की शान है। यह जीवन का आधार है। कक्षा सातवीं- आठवीं की छात्राओं ने 'आओ योग करें, चलो योग करें' शीर्षक गीत प्रस्तुत किया। मंच संचालन शिक्षक देवानंद तिवारी ने किया।

## योग शारीरिक एवं मानसिक शुद्धता के लिए आवश्यक



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टाटा कॉलेज में बुधवार को योग दिवस का आयोजन किया गया। इसमें एनसीसी एनएसएस एवं पूर्व सैनिक कल्याण परिषद के कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सैनिक कल्याण परिषद चाईबासा के अध्यक्ष कर्नल किशोर सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल सिंह ने योग के महत्व को बताया और एनसीसी के कैडेट्स को विशेष रुप से योग करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सुरेश चंद्र दास ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि योग शारीरिक एवं मानसिक शुद्धता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## योग को अपनी जीवन शैली में शामिल करना चाहिए



महिला कॉलेज के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक मदन मोहन मिश्रा और उमा शंकर के दिशानिर्देश में सबको योग कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रीतिबाला सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि योग को हमें अपने जीवन शैली में शामिल करना चाहिए। डॉ प्रशांत कुमार खरे ने कहा कि प्रतिदिन हमें आधा घंटा का समय निकालकर योग अवश्य करना चाहिए।

## पुलिस लाइन में मनाया गया योग दिवस



जिला मुख्यालय में स्थित पुलिस लाइन केंद्र के प्रांगण में जिला प्रशासन की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान जिले के वरीय पदाधिकारी सहित जिलास्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, कर्मचारी व पुलिस जवान तथा आम जनों ने विभिन्न प्रकार के योगासन किया। स्थानीय योग प्रशिक्षक सुमित कुमार विश्वकर्मा व कन्हैया अग्रवाल के मार्गदर्शन पर विभिन्न योग का अभ्यास किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में डीएवी स्कूल के दीपशा मंडल, संत जेवियर बालिका उवि के दीक्षा सोनकर और संत जेवियर उच्च विद्यालय लुपंगुटू के अग्नि ओझा ने आकर्षक योग करतबों को प्रस्तुत सबको चकित किया।

## पीजे शिशु मंदिर में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार सिंह व योगाचार्य संजय कुमार ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इसके करने से हमारा तन, मन और मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। इसलिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करें।

## योगाभ्यास से आप स्वस्थ्य व निरोग रहेंगे : शील



मांगीलाल रूंगटा प्लस टू हाई स्कूल प्रांगण में बुधवार को नेहरू युवा केन्द संगठन, मांगीलाल रूगटा प्लस टू विद्यालय तथा जिला आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शील ने अपने संबोधन में कहा कि सभी युवा छात्र स्कूल आने से पहले उठकर 20-25 मिनट योग कर-के ही स्कूल को आने का अभ्यास करें। इस तरह के अभ्यास से आप स्वास्थ्य व निरोग रहेंगे। इसी तरह डॉ ओम प्रकाश ने कहा कि अपने जीवन में स्वस्थ्य, निरोग तथा फिट रहने के लिए योग को अपनायें। अपने नित्य कर्मो की तरह सुबह में ही योग को करे।

## हम दिल दे चुके सनम के साथ

# 24 साल बाद भी जीवित है

## संजय लीला भांसाली की संगीतीय प्रतिभा



संजय लीला भंसाली की मैग्नम ओपस हम दिल दे चुके सनम अपनी 24वीं सालगिरह मना रही है। यह एक अनोखी फिल्म है जिसने 1999 में रिलीज़ होकर पूरी दुनिया के दिलों को छू लिया था। इसमें दिलकश सीन्स, रोमांचकारी कहानी और यादगार प्रदर्शन सभी को दीवाना बनाने वाला था। इन सबके बावजूद फिल्म का सबसे खास हिस्सा उसका संगीत है, जो आज भी लोगों के दिलों में बसा हुआ है। हम दिल दे चुके सनम संजय भंसाली की महानता का साक्षी है, जो अपने अभिनेताओं से शानदार प्रदर्शन निकालने की क्षमता रखते हैं।

सलमान खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और अजय देवगन जैसे अभिनेताओं के साथ इस फिल्म ने प्यार, त्याग और प्यार जैसे मुद्दों को छूने का प्रयास किया था। फिल्म की सफलता में उसका म्यूजिक एल्बम महत्वपूर्ण था, जो भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक टाइमलेस क्लासिक में आज भी प्रसिद्ध है। इस्माइल दरबार ने इसे संगीतिशों में मेलोडी, काव्य और दिल को छूने वाले भावों का बेहतरीन मिश्रण दिया है। हर एक गाना फिल्म की मूल उद्देश्यों को ध्यान में रखता है, कहानी को और चमकाता है और किरदारों की अलग–अलग भावनाओं को खूबसूरती के साथ पकड़ता है। इस अनोखे एल्बम में आंखों की गुस्ताखियां जैसा गीत है, जो एक प्यार करने वाला अपने साथी को अपनी भावनाओं का अहसास दिलाता है, कहता है कि आँखें ही हैं जो उन्हें प्रेम में व्यथित करती हैं, जो उन्हें प्यार में गिराती हैं।


ये गाने भावुकता से भरे हुए हैं। इसके अलावा, ढोली तारो ढोल बाजे एक जोश से भरा गीत है, जो नवरात्रि में पसंद किया जाता है और तड़प तड़प के एक जुदा हुए प्यार का यादगार गीत है, जो अभी भी टूटे दिलों के लिए क्लासिक माना जाता है। इसके साथ ही कैपूचे गीत है, जो मकर संक्रांति में बजाया जाता है। इस एल्बम में अलग–अलग संगीतिक शैलियों का बढ़िया संगम है, जो बिना किसी समस्या के फिल्म के दाल–बाटी में मिल जाती हैं। ये गाने सिर्फ कहानी की बताने के लिए ही नहीं हैं, बल्कि सुनने वालों के साथ गहरा भावनात्मक संबंध बनाते हैं। भंसाली की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वह अपने कलाकारों से उनकी शानदार प्रदर्शन निकालने में माहिर हैं। वह उन्हें उनकी सीमाओं तक पहुंचाते हैं, उनकी भावनाओं को पकड़ते हैं और इन्हें सच्चाई के साथ स्क्रीन पर प्रस्तुत करते हैं।

हम दिल दे चुके सनम इस कौशल का एक सबूत है क्योंकि यह उन्होंने कलाकारों की बेहतरीन विशेषता दिखाई और उनके सबसे अच्छे प्रदर्शन को पेश किया। यही चीज उनकी दूसरी फिल्मों में भी देखा जा सकता है और भानसाली की इस काबिलियत के कारण, उनके कलाकार शानदार प्रदर्शन दे पाते हैं, और उन्हें कभी पछताने का मौका नहीं देते हैं। हम दिल दे चुके सनम का संगीत खास उल्लेख योग्य है। हर गाना तुरंत हिट बन गए और आज भी संगीत प्रेमियों द्वारा आदर्शित किया जाता है। चाहे वह खिलखिलाते हुए निम्बुडा निम्बुडा हो, आत्मा को छू लेने वाला तड़प तड़प हो, जोश से भरा ढोली तारो ढोल बाजे हो या टाइटल ट्रैक हम दिल दे चुके सनम हो, हर एक संगीत रचना दर्शकों के मन में संयोजन बनाती है। संजय लीला भांसाली की हम दिल दे चुके सनम एक सिनेमाटिक मास्टरपीस है जो दर्शकों को लगातार मोहित करता है, और इसके एक्स्ट्राआर्डिनरी म्यूजिक एल्बम के कारण यह बड़े हिस्से में है। फिल्म की एपिक स्टोरी टेलिंग, आउटस्टैंडिंग परफॉरमेंस, और संवेदनशीलता से निर्मित गीतों ने इसे बॉलीवुड क्लासिक्स के पंथनिर्माण में सुनिश्चित कर दिया है। जैसे की हम इसकी 24वीं वर्षगांठ मन रहे हैं, हमें हम दिल दे चुके सनम के कभी न खत्म होने वाले जादू को स्वीकार करने और इसके संगीत की शानदारता में आनंद लेने का समय है, जो हमारे दिल में हमेशा छिपा रहेगा।



## जान्हवी, गुलशन और रोशन ने लंदन में उलझ की शूटिंग की शुरू

बॉलीवुड स्टार जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू ने लंदन में उलझ की शूटिंग शुरू कर दी है। जान्हवी ने इंस्टाग्राम पर सेट से एक फोटो शेयर की। फोटो में फिल्म का क्लैपबोर्ड और उनकी आंखें देखी जा सकती हैं। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर यही फोटो शेयर की। फिल्म भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के बारे में है और शूटिंग का बड़ा हिस्सा अलग–अलग विदेशी जगहों पर किए जाने की उम्मीद है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित फिल्म उलझ जान्हवी द्वारा निभाई गई एक युवा आईएफएस अधिकारी की कहानी है। फिल्म का निर्माण जंगली पिक्चर्स द्वारा किया जा रहा है, और इसमें राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इस बीच, गुलशन की अपकमिंग फिल्म, गन्स एंड गुलाब, जो एक कॉमेडी क्राइम थ्रिलर है, 1990 के दशक में सेट है। इसमें दुलारे सलमान, आदर्श गौरव और टीजे भानु भी हैं। जान्हवी वरुण धवन के साथ बवाल में नजर आएंगी। उनके पास राजकुमार राव अभिनीत मिस्टर एंड मिसेज माही भी है।




## आदिपुरुष में सीता चित्रण को लेकर नेपाल में बवाल

काठमांडू. फिल्म 'आदिपुरुष में ''आपत्तिजनक शब्दों और सीता के चित्रण को लेकर नेपाल में बवाल मचा हुआ है। सोमवार नेपाल की राजधानी काठमांडू में सभी हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। शहर के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह घोषणा की थी। काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह ने काठमांडू महानगरीय क्षेत्र (केएमसी) में सभी हिंदी फिल्मों पर प्रतिबंध लगाये जाने संबंधी फैसले का बचाव करते हुए कहा कि 'आदिपुरुष फिल्म के एक संवाद को हटाये बिना प्रदर्शित करने से ''अपूरणीय क्षति होगी। शाह ने अपनी फेसबुक पोस्ट में कहा, ''सोमवार, 19 जून से काठमांडू महानगरीय क्षेत्र में सभी हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगा दी जाएगी, क्योंकि फिल्म 'आदिपुरुष के संवाद में आपत्तिजनक शब्द अभी तक नहीं हटाए गए हैं। उन्होंने कहा, ''हमने तीन दिन पहले फिल्म से 'सीता माता भारत की बेटी हैं वाले संवाद के आपत्तिजनक हिस्से को तीन दिन के भीतर हटाने के लिए पहले ही नोटिस जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि फिल्म के प्रदर्शन की अनुमति दी जाती है तो ''हमारी राष्ट्रीयता, सांस्कृतिक एकता को अपूरणीय क्षति होगी। शाह राजधानी शहर के सभी 17 सिनेमाघरों में वर्तमान में दिखाई जा रही सभी हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन को रोकने के लिए प्रतिबद्ध दिखे। केएमसी के प्रवक्ता नवीन मनंधर ने कहा, ''केएमसी द्वारा जारी निर्देश के अनुसार काठमांडू के सभी सिनेमाघर सोमवार से भारतीय फिल्मों का प्रदर्शन बंद कर देंगे।



## ब्रालेस होकर निकली नोरा

बॉलीवुड की डांसिग क्वीन नोरा फतेही लाखों दिलों की धड़कन हैं। वह अपने डांस मूव्स के अलावा अपने हॉट अवतार के लिए भी खूब पसंद की जाती हैं। हाल ही में नोरा को पैपराजी द्वारा स्पॉट किया गया। इस दौरान उन्होंने जिस तरह का आउटफिट पहना हुआ था उसे लेकर अब वह खूब ट्रोल की जा रही हैं। दरअसल, हाल ही में नोरा को ब्लैक सिक्विन गाउन में देखा गया। इस गाउन में नोरा बद से ज्यादा हॉट लग रही थीं। ध्यान खींचने वाली बात ये रही कि इस आउटफिट के नीचे नोरा ने ब्रा नहीं पहनी हुई थी। गाउन भी ट्रांसपेरेंट था जो यूजर्स को रास नहीं आया है और वह उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा– क्या फायदा इतने पैसे होने का, जब एक ब्रा तक नहीं खरीद पाई। एक ने लिखा– इसमें अंदर कुछ नहीं पहना क्या। एक अन्य यूजर ने लिखा– उसे लग रहा है कि वह बहुत खूबसूरत लग रही है लेकिन वह बहुत खराब लग रही है।

## रश्मिका मंदाना के मैनेजर ने की 80 लाख की ठगी

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के मैनेजर ने उनसे 80 लाख की ठगी की है। एक्ट्रेस इस मामले में फिलहाल चुप हैं क्योंकि वो कोई तमाशा नहीं बनाना चाहती हैं। ये मैनेजर रश्मिका के साथ उनके काम के शुरुआत से जुड़ा/जुड़ी थी। इन दिनों वो पुष्पा 2 की शूटिंग में बिजी हैं।

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को आखिरी बार हिंदी थ्रिलर मिशन मजनू (2023) में देखा गया था और फिलहाल वो अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 में काम करने में व्यस्त हैं। उनके लंबे समय के मैनेजर ने कथित तौर पर 80 लाख की धोखाधड़ी की है, जिसके बाद उसे निकाल दिया गया है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना के बारे में जानने के बाद, रश्मिका मंदाना ने तुरंत अपने मैनेजर को बर्खास्त कर दिया, जो उनके करियर की शुरुआत से ही उनके साथ जुड़े हुए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मैनेजर ने 80 लाख का धोखा दिया। उन्होंने अभी तक आधिकारिक तौर पर इस घटना पर प्रतिक्रिया या टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से बताया गया, रश्मिका से उनके मैनेजर ने 80 लाख की ठगी की है। जाहिर है, वह इसके बारे में एक सीन नहीं बनाना चाहती थीं। इसलिए, उन्होंने अपने मैनेजर को निकाल कर खुद ही इससे निपट लिया।



## शाहिद, कृति की एन इम्पॉसिबल लव स्टोरी 7 दिसंबर को होगी रिलीज



एक्टर शाहिद कपूर और कृति सेनन अभिनीत फिल्म एन इम्पॉसिबल लव स्टोरी इस साल 7 दिसंबर को रिलीज होगी। दिनेश विजान ने सोमवार सुबह मैडॉक फिल्म्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर खबर साझा की। निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर भी साझा किया। उस पर रिलिजिंग डेट 7 दिसंबर लिखी गई। फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह ने किया है। इसमें कई अन्य नामों के साथ डिंपल कपाड़िया और धर्मेंद्र भी हैं। यह पहली बार होगा जब कृति और शाहिद एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। फिल्म से जुड़े अन्य डिटेल्स अभी सीक्रेट्स रखे गए हैं।



## जैकलीन ने बदली अपने नाम की स्पेलिंग, हुई ट्रोल

बॉलीवुड सेलेब्स अक्सर अपने नाम और नाम की स्पेलिंग में बदलाव करते रहते हैं। आयुष्मान खुराना से लेकर अजय देवगन तक अपने नाम की स्पेलिंग में बदलाव कर चुके हैं। अब जैकलीन फर्नांडिस ने भी इंस्टाग्राम पर अपने नाम की स्पेलिंग बदल ली है। जैकलीन ने अपने नाम की स्पेलिंग में अंग्रेजी का एक अतिरिक्त ई जोड़ा है। नाम की स्पेलिंग बदलने के बाद जैकलीन ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ गई है। एक यूजर ने लिखा, जैकलीन ने न्यूमरोलॉजी के मुताबिक अपने नाम में बदलाव किया है। लगता है बुरे वक्त ने उन्हें अंधविश्वासी बना दिया है। एक अन्य ने लिखा, मुझे तो उनके नाम की पुरानी स्पेलिंग भी कभी लेनी नहीं आई। अब इसमें और शब्द जुड़ गए। बता दें कि जैकलीन फर्नांडिस बीते काफी समय से ठग सुकेश चंद्रशेखर संग नाम जुड़ने से मुश्किलों में फंसी हुई है। ठगी मामले मे ईडी ने सुकेश के साथ जैकलीन को भी आरोपी बनाया है। वहीं सुकेश अक्सर जेल से जैकलीन को लव लेटर लिखता रहता है। जैकलीन फर्नांडिस के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में सलमान खान के साथ दबंग टू रिलोडेड में नजर आई थीं। वह जल्द ही फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ नजर आने वाली हैं। इसके अलावा उनके पास विद्यूत जामवाल के साथ फिल्म क्रैक भी है।



## मैं सस्ता मजदूर हूं: मनोज बाजपेयी

ओटीटी की दुनिया में द फैमिली मैन जैसे शो से छाने वाले मनोज बाजपेयी ने हाल ही शॉकिंग खुलासा किया है। एक्टर ने कहा कि उन्हें इस शो के लिए बहुत कम पैसे मिले। मनोज ने खुद को सस्ता मजदूर बताया और कहा कि ओटीटी सिर्फ बड़े स्टार्स या हॉलीवुड के लोगों को भर–भरके पैसे देते हैं। एक्टर मनोज बाजपेयी इस वक्त फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को लेकर चर्चा में हैं, जो कुछ समय पहले ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। ओटीटी की दुनिया में मनोज बाजपेयी द फैमिली मैन और द फैमिली मैन 2 में भी नजर आए। बहुत से लोगों को लगता है कि ओटीटी का स्टार बनने के बाद एक्टर की डिमांड बढ़ गई है तो फीस भी बढ़ गई होगी। उन्हें भी उतने ही पैसे मिलने लगे होंगे, जितने किसी अन्य बड़े स्टार को ओटीटी पर काम करने के लिए मिलते हैं। पर ऐसा नहीं है। मनोज बाजपेयी ने बताया कि उन्हें अभी भी ओटीटी पर काम करने की उतनी फीस नहीं मिलती है, जितनी मिलनी चाहिए। हाल ही एक इंटरव्यू में इसे लेकर उनका दर्द छलका। उन्होंने बताया कि उन्हें उतना पैसा नहीं मिला, जितना मिलना चाहिए था। बातचीत में मनोज बाजपेयी से उनके बैंक बैलेंस और फीस के बारे में पूछा गया था। जवाब में एक्टर ने कहा कि वह गली गुलियां और भोसले जैसे शोज करके मोटा पैसा नहीं कमा सकते।